TNF TODAY ®
# टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday | tnftoday
www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition
साइबर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार (पेज-3)
पृष्ठ- 08 | वर्ष-01 अंक-24 | मूल्य ₹7 | गुरुवार | दिनांक- 23.07.2026

# 'साथी' से डिजिटल हुआ बीज व्यवसाय

## 31 तक विक्रेताओं और उत्पादकों के लिए पंजीकरण अनिवार्य





विनोद कुमार, जिला कृषि अधिकारी, आगरा

टीएनएफ टुडे, आगरा।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कृषि क्षेत्र को पूरी तरह पारदर्शी और आधुनिक बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। किसानों को उच्च गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने और बीज के कारोबार में किसी भी तरह की गड़बड़ी या कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए प्रदेश में बीज व्यवसाय को डिजिटल कर दिया गया है। कृषि निदेशालय के निदेर्शानुसार, अब राज्य में बीज उत्पादन, स्टॉक मैनेजमेंट, ट्रांसफर और बिक्री का पूरा कामकाज भारत सरकार द्वारा विकसित 'साथी पोर्टल' के माध्यम से किया जा रहा है। यह नई व्यवस्था पूरे प्रदेश में प्रभावी रूप से लागू कर दी गई है।

नई डिजिटल व्यवस्था के तहत प्रदेश की सभी बीज उत्पादक संस्थाओं, सरकारी व अर्द्धसरकारी निगमों, कृषि विश्वविद्यालयों, निजी फर्मों और एफपीओ को साथी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से रजिस्टर्ड होना होगा। अभिजनक बीज (ब्रीडर सीड) के उत्पादन से लेकर बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा पंजीयन, निरीक्षण, सैम्पलिंग, बीज परीक्षण, टैगिंग और पैकिंग तक की सभी प्रक्रियाएं इसी डिजिटल पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज की जा रही हैं। इसके अलावा सभी डीलर, डिस्ट्रीब्यूटर और सहकारी बीज बिक्री केंद्रों को भी पोर्टल पर ऑन बोर्ड किया जा रहा है। इससे किसानों को बेचे जाने वाले हर एक बीज के लॉट की पूरी पारदर्शिता बनी रहेगी और असली बीज की पहचान आसान होगी।

### स्टॉक में गड़बड़ी मिलने पर होगी कार्रवाई

सरकार ने स्पष्ट किया है कि साथी पोर्टल पर डिजिटल रूप से दर्ज स्टॉक और प्रतिष्ठान के भौतिक स्टॉक में किसी भी तरह का अंतर या भिन्नता मिलने पर कड़ा एक्शन लिया जाएगा। ऐसा पाए जाने पर बीज अधिनियम 1966, बीज नियम 1968, बीज नियंत्रण आदेश 1983 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के सुसंगत प्रावधानों के तहत दोषियों के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी। किसानों को जागरूक किया जा रहा है कि वे केवल पोर्टल से जुड़े पंजीकृत केंद्रों से ही बीज खरीदें। समस्याओं के समाधान के लिए राज्य स्तर पर एक मॉनिटरिंग और हेल्पलाइन सेल भी गठित किया गया है।

जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार ने कहा कि किसानों को उच्च गुणवत्ता और प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने के लिए 'साथी पोर्टल' गेम-चेंजर साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि समस्त बीज विक्रेता, कंपनी और प्रोसेसिंग यूनिट 31 जुलाई तक साथी पोर्टल पर अपना पंजीकरण अनिवार्य रूप से कर लें, नही तो लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। जिले में कुल 1298 में से अब तक 303 विक्रेता पंजीकृत हो चुके हैं।

### राहुल गांधी ने सरकार को घेरा

# 10 साल में 152 पेपर लीक, एक को भी सजा नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली।



सबसे गंभीर बात यह है कि पिछले 10 वर्षों में 152 पेपर लीक की घटनाएं सामने आने के बावजूद एक भी मामले में किसी को भी एक सजा नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग या संगठित समूह देश की शिक्षा व्यवस्था और छात्रों के भविष्य को नुकसान पहुंचा रहे हैं, लेकिन सरकार प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही है।
-राहुल गांधी


लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। संबोधन से पहले राहुल गांधी ने एक वीडियो चलाया। उसमें पुलिस छात्रों पर लाठी चार्ज कर रही थी। इसके बाद उन्होंने सरकार को घेरना शुरू किया। इस दौरान उन्होंने कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि देश के छात्र शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें उठा रहे हैं, लेकिन उनके साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है, जैसे उन्होंने कोई अपराध किया हो। राहुल गांधी ने कहा कि छात्र केवल एक निष्पक्ष शिक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे हैं, जो उनका अधिकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई छात्र लगातार तनाव झेल रहे हैं और पेपर लीक जैसी घटनाओं के कारण कुछ छात्रों ने आत्महत्या तक कर ली। उनके अनुसार छात्रों की आवाज सुनने के बजाय उन्हें निराशा का सामना करना पड़ रहा है।

राहुल गांधी ने कहा कि भारत की शिक्षा व्यवस्था कभी दुनिया की सबसे बेहतर व्यवस्थाओं में गिनी जाती थी, लेकिन अब यह पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि पिछले 10 वर्षों में 152 बार प्रश्नपत्र लीक हुए हैं, यानी औसतन हर महीने एक पेपर लीक हुआ। उन्होंने कहा कि हर बार लाखों छात्रों को फिर से परीक्षा की तैयारी करनी पड़ती है और उन्हें दोबारा उसी मानसिक दबाव से गुजरना पड़ता है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों की इस परेशानी को गंभीरता से नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि करीब 7.5 करोड़ छात्र और उनके परिवार इन घटनाओं से प्रभावित हुए हैं, जिनमें बड़ी संख्या मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों की है।

## होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों को निशाना बनाया तो तेहरान के पुल और बिजली संयंत्र पर होगा हमलाः ट्रंप

एजेंसी, वाशिंगटन।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि अगर होर्मुज स्ट्रेट में किसी भी जहाज को निशाना बनाया गया, तो अमेरिका इसका जवाब ईरान के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर देगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, "अब से जब भी इस्लामी गणराज्य ईरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में किसी जहाज पर हमला करेगा, चाहे वह मिसाइल, रॉकेट, ड्रोन या किसी भी अन्य हथियार या साधन से किया गया हो, तो अमेरिका एक पुल या बिजली संयंत्र को बम से नष्ट कर देगा। इसमें वे पुल या बिजली संयंत्र भी शामिल होंगे, जो राजधानी तेहरान के पास या उसके अंदर स्थित हैं।" ट्रंप की चेतावनी में कई तरह के संभावित हमलों को शामिल किया गया है, जैसे मिसाइल, रॉकेट, ड्रोन या 'किसी भी अन्य उपकरण या हथियार' से किए गए हमले। राष्ट्रपति ने जवाबी कार्रवाई के तरीके के बारे में भी बताया और कहा कि हर ऐसे हमले के जवाब में अमेरिका 'एक पुल या बिजली संयंत्र' को निशाना बनाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ये ठिकाने तेहरान के अंदर या उसके आसपास स्थित हो सकते हैं।



होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक है। इस रास्ते से दुनिया भर में भेजे जाने वाले कच्चे तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का एक बड़ा हिस्सा गुजरता है।

भारत के लिए, जो अपनी कच्चे तेल की जरूरत का एक बड़ा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से आयात करता है, होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा रणनीतिक और आर्थिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। इस रास्ते से जहाजों की आवाजाही प्रभावित होने पर माल ढुलाई का खर्च, ऊर्जा की कीमतें और सप्लाई चेन पर असर पड़ सकता है। एक दिन पहले मंगलवार को ही इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने एक बयान जारी कर कहा कि दो तेल टैंकरों को रोका गया है। ये टैंकर असुरक्षित रास्ते का इस्तेमाल कर रहे थे। धमाकों के बाद टैंकरों में बड़े स्तर पर आग लग गई थी।

# सीएम का आगरा दौरा, 421 करोड़ की परियोजनाओं की देंगे सौगात

टीएनएफ टुडे, आगरा।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 और 26 जुलाई को आगरा के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। उनका यह दौरा जनपद आगरा के लिए विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। शनिवार 25 जुलाई शाम 4 बजे मुख्यमंत्री राजकीय हेलीकॉप्टर द्वारा सीधे फतेहाबाद रोड स्थित टाटा ग्राउंड पहुंचेंगे, जहां उनका मुख्य कार्यक्रम प्रस्तावित है।

### 37 परियोजनाओं का शिलान्यास और 16 का लोकार्पण

टाटा ग्राउंड में मुख्यमंत्री 421.01 करोड़ रुपये की लागत वाली 53 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इनमें 37 परियोजनाओं का शिलान्यास और 16 परियोजनाओं का लोकार्पण शामिल है। जनसभा को संबोधित करने से पहले वे वहां लगी सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र और नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे जाएंगे। इसके बाद शाम 6 बजे वे सर्किट हाउस में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष बैठक करेंगे।

अगले दिन रविवार 26 जुलाई को मुख्यमंत्री डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के खंदारी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वे शिवाजी मंडपम सभागार में विश्वविद्यालय की बहुप्रतीक्षित 'कैशलेस योजना' का औपचारिक रूप से उद्घाटन करेंगे, जिसे लेकर विवि प्रशासन में खासा उत्साह है।

**25 जुलाई को टाटा ग्राउंड में जनसभा, 53 विकास परियोजनाओं का होगा शिलान्यास और लोकार्पण**

**26 जुलाई को आंबेडकर विश्वविद्यालय में 'कैशलेस योजना' का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री**

**नगर आयुक्त ने प्रस्तावित रूट का किया निरीक्षण, 24 घंटे पहले व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश**



### नगर निगम ने झोंकी ताकत, अलर्ट मोड पर अधिकारी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस प्रस्तावित दौरे को देखते हुए जिला व नगर निगम प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। बुधवार को नगर आयुक्त संतोष कुमार वैश्य ने अधिकारियों के साथ रमाडा से लेकर टाटा ग्राउंड, सर्किट हाउस, शाहजहां गार्डन, अवंतीबाई चौराहा, यमुना किनारा और नेशनल हाईवे होते हुए खंदारी कैंपस तक पूरे रूट का स्थलीय निरीक्षण किया।

नगर आयुक्त ने सड़कों के गड्ढे तत्काल भरने, पैच वर्क कराने, विशेष सफाई अभियान चलाने, बिजली के झुके हुए पोल सीधे करने और क्षतिग्रस्त डिवाइडरों की मरम्मत कर रंगाई- पुताई के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मुख्यमंत्री के आगमन से 24 घंटे पहले सभी व्यवस्थाएं हर हाल में दुरुस्त हो जानी चाहिए और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार, सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम सहित कई अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# 'मैं जीना चाहता हूं'

### वांगचुक ने केंद्र सरकार के सामने रखी अनशन खत्म करने की शर्त

एजेंसी, नई दिल्ली।

पर्यावरणविद और शिक्षाविद सोनम वांगचुक ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह को पत्र लिखा है। इसमें सोनम वांगचुक ने कहा कि अगर सरकार यह स्पष्ट आश्वासन देती है कि आंदोलन में शामिल किसी भी युवा प्रदर्शनकारी के खिलाफ कोई दंडात्मक या प्रतिशोधात्मक कानूनी कार्रवाई नहीं होगी, तो वह अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त कर देंगे। अन्यथा उन्हें अपना अनशन जारी रखना पड़ेगा।

पत्र में वांगचुक ने लिखा कि अस्पताल में उनसे मिलने और अनशन समाप्त करने की अपील करने के लिए वह दोनों केंद्रीय मंत्रियों के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान मंत्रियों ने भरोसा दिलाया कि सरकार निम्नलिखित मांगों पर सकारात्मक विचार करेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रश्नपत्र लीक के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को पर्याप्त मुआवजा दिया जाए।

#### सोनम वांगचुक बोले- 'मैं जीना चाहता हूं'

उन्होंने लिखा, "मैं उनसे सहमत हूं। मैं जीना चाहता हूं। मैं अपने छात्रों, शिक्षा और उस काम में लौटना चाहता हूं जिसने मेरे जीवन को दिशा दी है। लेकिन मैं ऐसा उन युवाओं की कीमत पर नहीं कर सकता, जिनके लिए यह आंदोलन शुरू हुआ।"



### वांगचुक ने पुलिस पर लगाए क्या आरोप?

सोनम वांगचुक ने केंद्र सरकार से यह भी कहा कि संसद में इस मुद्दे पर सार्थक चर्चा हो, जवाबदेही तय की जाए और इसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर भी विचार किया जाए। उन्होंने पत्र में लिखा कि 20 जुलाई 2026 को निकाला गया 'संसद चलो' मार्च पुलिस की ज्यादतियों और बल के अनुपातहीन इस्तेमाल के बावजूद पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। पूरे देश और दुनिया ने प्रदर्शनकारियों के धैर्य और लोकतांत्रिक विरोध के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देखा।

# विराट-अनुष्का ने वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज का लिया आशीर्वाद, गुरु पूर्णिमा से पहले पहुंचे नए आश्रम

टीएनएफ टुडे, वृंदावन।



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा बुधवार तड़के वृंदावन पहुंचे, जहां उन्होंने संत प्रेमानंद महाराज के नए आश्रम यमुना विहार कुंज में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दोनों सुबह करीब चार बजे आश्रम पहुंचे और सादगी के साथ नंगे पांव अंदर प्रवेश किया। बारिश के कारण रास्ते में कीचड़ होने के बावजूद विराट पूरे समय अनुष्का का हाथ थामे नजर आए।आश्रम में मौजूद संत प्रेमानंद महाराज के शिष्यों ने दोनों का स्वागत किया। करीब एक घंटे तक आश्रम में रहने के बाद जब वे बाहर निकले तो विराट के माथे पर चंदन का तिलक और हाथ में प्रसाद दिखाई दिया। इसके बाद दोनों महाराज के गुरु हित गोविंद शरण महाराज के आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

यह पहली बार नहीं है जब विराट और अनुष्का संत प्रेमानंद महाराज से मिलने वृंदावन पहुंचे हों। इससे पहले आईपीएल खिताब जीतने के बाद जून में भी दोनों आश्रम आए थे और सत्संग में शामिल हुए थे। पिछले कुछ वर्षों में यह दंपति कई बार संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन कर चुका है और आध्यात्मिक कार्यक्रमों में नियमित रूप से भाग लेता रहा है।इधर, संत प्रेमानंद महाराज के नए आश्रम यमुना विहार कुंज में 23 जुलाई से 29 जुलाई तक गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन प्रस्तावित है।

इस दौरान देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं और शिष्यों के लिए अलग-अलग दिनों की व्यवस्था की गई है। 28 जुलाई तक महाराज श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे, जबकि 29 जुलाई को विशेष कार्यक्रम के लिए केली कुंज आश्रम जाएंगे।विराट और अनुष्का के इस आध्यात्मिक दौरे को लेकर आश्रम परिसर और श्रद्धालुओं के बीच खासा उत्साह देखने को मिला। हालांकि दर्शन व्यवस्था सामान्य रूप से संचालित होती रही और दोनों ने बिना किसी औपचारिकता के शांतिपूर्वक पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### सोनम से मिलने पहुंचा प्रतिनिधिमंडल, पुलिस ने रोका, हुई तीखी नोकझोंक

एजेंसी, नई दिल्ली।

मेदांता अस्पताल के बाहर विपक्षी सांसदों को पुलिस ने रोका

मेदांता अस्पताल के बाहर ही पुलिस बल ने विपक्षी सांसदों को रोक लिया कि वे अंदर नहीं जा सकते। विपक्षी सांसदों ने कहा कि वे 51 सांसदों की साइन की हुई चिट्ठी लेकर आए हैं और सोनम वांगचुक से मिलकर अनशन तोड़ने की अपील करना चाहते हैं। अंदर नहीं जाने देने पर सांसद अस्पताल के बाहर ही जमीन पर बैठ गए। कुछ देर बाद डॉक्टरों का ग्रुप उनसे मिलने आया तो भी सांसद नहीं उठे। फिर सोनम वांगचुक की पत्नी आई तो सांसदों ने उन्हें चिट्ठी देकर कहा कि सोनम वांगचुक देश के लिए अहमियत रखते हैं और देश को उनकी जरूरत है, उन्हें अनशन तोड़ देना चाहिये। सोनम वांगचुक की पत्नी ने कहा कि मैं उनको ये चिट्ठी देकर आपका संदेश बता दूंगी। उन्होंने ये भी मांग रखी कि धरने पर बैठे युवाओं व लोगों पर अब किसी प्रकार का बल प्रयोग नहीं होना चाहिये।

### अन्ना हजारे का पीएम मोदी को पत्र, बोले

# मंत्री का इस्तीफा लेने से कमजोर नहीं होगी सरकार

एजेंसी, नई दिल्ली।

सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा कि दिल्ली में छात्रों के जारी आंदोलन के दौरान हुई हिंसा और पुलिस कार्रवाई बेहद पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में टकराव के बजाय संवाद हमेशा बेहतर रास्ता होता है। अपने पत्र में हजारे ने कहा कि किसी मंत्री का इस्तीफा लेने से सरकार कमजोर नहीं होगी, बल्कि इससे अन्य मंत्रियों को जवाबदेही का स्पष्ट संदेश जाएगा और सरकार का कामकाज अधिक प्रभावी बनेगा।

यह पत्र ऐसे समय आया है, जब कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और कांग्रेस समेत विपक्षी दल नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

### अन्ना हजारे ने सरकार को दी क्या सलाह?

हजारे ने पत्र में लिखा, "अगर जवाबदेही तय की जाती है और किसी मंत्री का इस्तीफा लिया जाता है, तो इससे सरकार की शक्ति कम नहीं होगी। बल्कि इससे अन्य मंत्रियों को स्पष्ट संदेश जाएगा कि अगर वे अपने विभाग की जिम्मेदारियां ठीक से नहीं निभाएंगे तो उन्हें भी पद छोड़ना पड़ेगा। इससे सरकार का कामकाज अधिक जवाबदेह और प्रभावी बनेगा।" उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में जारी आंदोलन के दौरान हिंसा और पुलिस कार्रवाई की खबरें बेहद दुखद हैं। लोकतंत्र में हिंसा, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान और अत्यधिक बल प्रयोग से हर हाल में बचना चाहिए।

### नीट पेपर लीक पर क्या बोले हजारे?

नीट परीक्षा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में प्रश्नपत्र लीक और गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए थे। इस वर्ष भी, जब करीब 22 लाख छात्रों ने परीक्षा दी, तब इसी तरह की घटनाएं सामने आईं। उन्होंने मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि कथित अनियमितताओं और पुनर्परीक्षा के परिणामों से निराश होकर 22 छात्रों ने आत्महत्या कर ली।

हजारे ने कहा कि जब भी कोई घोटाला या अनियमितता सामने आती है, तो जिम्मेदारी अक्सर निचले स्तर के अधिकारियों पर तय कर दी जाती है, जबकि सकारात्मक परिणामों का श्रेय सरकार लेती है। उन्होंने कहा कि अंतिम जिम्मेदारी शीर्ष पदों पर बैठे लोगों की होती है। उन्होंने लिखा कि छात्र और अभिभावक पिछले 25 दिनों से संबंधित मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार को इसे केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा मानने के बजाय जवाबदेही के साथ प्रतिक्रिया देनी चाहिए।

# लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हादसों को रोकने पर मंथन

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने को लेकर पुलिस व यूपीडा के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। एक्सप्रेसवे पर जाली काटने वालों पर वैधानिक कार्रवाई होगी।

बुधवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा 21 पर यूपीडा व पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। जिसमें आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर होने वाली घटनाओं को कैसे कम किया जाए। इसको लेकर चर्चा हुई। जहां आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए यूपीडा के द्वारा दोनों तरफ जाली लगवाई गई है। लेकिन असमाजिक तत्वों के द्वारा उनको जगह-जगह काट दिया गया है। जिसको लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। बैठक में एसपी सिंह अधिशासी अभियंता, पीआईयू, आरएन सिंह मुख्य सुरक्षा अधिकारी, आशीष शर्मा अवर अभियंता यूपीडा, प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद विनोद कुमार मिश्र, देवेन्द्र सिंह प्रभारी चौकी लुहारी, एसके चौधरी आरई, गजेन्द्र कौल, प्रमोद धनगर प्रोजेक्ट मैनेजर एसएसडी, मोहित पुरी गोस्वामी, राधामोहन द्विवेदी सुरक्षा अधिकारी प्रथम आदि मौजूद रहे।

# यूथ फेस्ट में दीया सिंह को प्रथम पुरस्कार

## क्विज प्रतियोगिता के जरिये छात्रों को दी टीबी, एचआईवी और एड्स की जानकारी

टीएनएफ टुडे, आगरा।



स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरूण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में यूथ फेस्ट क्विज (यूपीसेक) कार्यक्रम का आयोजन हरीपर्वत स्थित एमडी जैन इंटर कॉलेज में किया गया।

जिला क्षय रोग/एड्स अधिकारी डॉ. सुखेश गुप्ता ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता में 12 इंटर कॉलेजों एमडी जैन इण्टर कॉलेज, मिल्टन पब्लिक स्कूल, सगीर फातिमा एमजीआई कॉलेज, मुरारीलाल खत्री गर्ल्स इण्टर कॉलेज, विद्यारानी इण्टर कॉलेज, इन्द्रा मैमोरियल जूनियर हाई स्कूल, हेरिटेज पब्लिक स्कूल, आर्मी पब्लिक स्कूल, जगदम्बा इण्टर कॉलेज, रामस्वरूप सिंघल गर्ल्स कॉलेज, राजकीय हाईस्कूल जयनगर, बीडी जैन गर्ल्स इण्टर कॉलेज के कक्षा 8, 9 व 11 के कुल 72 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिला क्षय रोग/एड्स अधिकारी ने बीमारियों के लक्षण एवं बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

यूथ फेस्ट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मिल्टन पब्लिक स्कूल से दीया सिंह एवं शुभी कुलश्रेष्ठ, द्वितीय पुरस्कार एमडी जैन इण्टर कॉलेज से दिव्यांश अग्रवाल एवं वैभव वर्मा, तृतीय पुरस्कार जगदम्बा इण्टर कॉलेज से चरन आधार एवं सतेन्द्र सिंह एवं सांत्वना पुरस्कार राजकीय हाई स्कूल शमसाबाद से कौशल कुमार एवं प्रांशी को प्रदान किया गया। समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं गिफ्ट वितरित की गई।

विजयी प्रतियोगियों को जिला क्षय रोग/एड्स अधिकारी डॉ. सुखेश गुप्ता एवं प्रधानाचार्य डॉ. संजय गर्ग द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

प्रतियोगिता में एमडी जैन इण्टर कॉलेज के अध्यापक डॉ. अमित कुमार सिंह, महेश कुमार, चेतन कुमार ने सहयोग किया।



मुख्यमंत्री आगमन की तैयारियों में जुटा प्रशासन

टीएनएफ टुडे, आगरा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शनिवार को प्रस्तावित आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। मुख्यमंत्री के संभावित दौरे के मद्देनजर को जिलाधिकारी मनीष बंसल ने विभिन्न कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जनसभा स्थल, पार्किंग व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और बरसात के मौसम को देखते हुए आवश्यक इंतजामों की विस्तार से समीक्षा की। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि कार्यक्रम से पहले सभी व्यवस्थाएं तय समय के भीतर पूरी कर ली जाएं, ताकि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 जुलाई को आगरा में जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। इसके साथ ही जनपद की विभिन्न विकास योजनाओं और परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी प्रस्तावित है। इसी कार्यक्रम के क्रम में डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के खंदारी परिसर स्थित शिवाजी मंडपम ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री के शामिल होने की संभावना है। विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का यह अपने वर्तमान कार्यकाल का पहला प्रस्तावित दौरा माना जा रहा है, जिसे लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन और जिला प्रशासन दोनों स्तरों पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

# ज्योती दीदी ने बच्चों के लिए शुरू की लाइब्रेरी

टीएनएफ टुडे, आगरा।






आगरा छावनी क्षेत्र में काफी लंबे समय से शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तीकरण पर काम करने वाली सामाजिक उद्यमी ज्योती दीदी ने आंबेकर पार्क, नई बस्ती, बालूगंज में बच्चों के लिए एक सामुदायिक लाइब्रेरी की शुरूआत की है। इस अवसर पर उन्होंने 250 पुस्तकें, एक अलमारी और जरूरी शैक्षणिक सामग्री समुदाय को समर्पित की है। आगरा छावनी की बेटी ज्योती दीदी का यहां बस्ती और लोगों से वर्षों पुराना रिश्ता है। उनका मानना है कि समाज में स्थाई बदलाव लोगों की मदद करने से नहीं आता। बदलाव तब आता है जब लोगों को ज्ञान, अवसर और अपनी क्षमताओं पर विश्वास मिलता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि किताबें ही हमारी सबसे सच्ची दोस्त होती हैं। वे बच्चों को केवल ज्ञान ही नहीं देतीं, बल्कि सोचने, समझने और सवालों का जवाब भी देती हैं।

## राजेश शर्मा बने विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष

टीएनएफ टुडे, आगरा।



विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने संगठन के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए आगरा निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश शर्मा एडवोकेट को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति की घोषणा के बाद संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने कहा कि राजेश शर्मा लंबे समय से सामाजिक एवं राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके अनुभव, संगठन क्षमता और जनसंपर्क का लाभ विश्व हिंदू महासंघ को मिलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए राजेश शर्मा संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रदेश में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। राजेश शर्मा एडवोकेट ने कहा कि संगठन द्वारा उन पर जताए गए विश्वास पर वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की एकता, सामाजिक समरसता, सेवा कार्यों और संगठन के विस्तार के लिए प्रदेशभर में कार्यकताओं के साथ मिलकर सक्रिय रूप से कार्य किया जाएगा।

# सफाई और जल निकासी की व्यवस्था हो

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।



विकासखंड के गांव पायरतिया (लालपुर)में महीनों से नालियों की सफाई न होने से जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नालियों का कीचड़ और गंदा पानी गलियों व रास्तों पर बहने से ग्रामीणों का निकलना मुश्किल हो गया है। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायत देकर गांव में विशेष सफाई अभियान चलाने और जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता मानिकचंद ने बताया कि ग्राम पंचायत की ओर से कई महीनों से सफाई कार्य नहीं कराया गया है। इसके चलते नालियां पूरी तरह चोक हो चुकी हैं और गंदा पानी सड़कों पर जमा होकर कीचड़ में तब्दील हो गया है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, स्कूली बच्चों को हो रही है, जिन्हें इन्हीं रास्तों से होकर विद्यालय जाना पड़ता है। कई बच्चे फिसलकर गिर चुके हैं, जिससे उनकी ड्रेस और किताबें भी खराब हो जाती हैं। फैली गंदगी के कारण मच्छरों और अन्य कीट-पतंगों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। बरसात शुरू होने के बाद हालात और अधिक खराब हो गए हैं। आरोप है कि ब्लॉक स्तर पर अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं कराया गया। बीडीओ परवेज आलम ने बताया कि शिकायत मिली है। जल्द ही गांव में सफाई टीम भेजकर विशेष अभियान चलाया जाएगा और नालियों की सफाई कराई जाएगी।

## पूर्व भाजपा नेता पर धोखाधड़ी का मुकदमा

# आईसीआईसीआई बैंक से 1.06 करोड़ की धोखाधड़ी मामला

टीएनएफ टुडे, आगरा।

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व कद्दावर नेता और लोधी राजपूत समाज के प्रमुख चेहरे रहे मिश्रीलाल राजपूत बैंक धोखाधड़ी के एक बड़े मामले में घिर गए हैं। आईसीआईसीआई बैंक ने हरीपर्वत थाने में मिश्रीलाल राजपूत, बैंककर्मी प्रियंका श्रीवास्तव और अंकुश श्रीवास्तव के खिलाफ करीब 1.06 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है।

बैंक की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने कथित तौर पर फर्जी सेल डीड और अन्य दस्तावेजों का इस्तेमाल कर बैंक से भारी रकम का लोन हासिल किया। आरोपियों ने पहले 78 लाख रुपये का होम लोन लिया और बाद में उसी संपत्ति के आधार पर 15 लाख रुपये का टॉप-अप लोन भी प्राप्त कर लिया। आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारियों के मुताबिक, जनवरी 2024 तक लोन की किश्तें नियमित रूप से जमा की जाती रहीं, लेकिन इसके बाद अचानक ईएमआई का भुगतान बंद हो गया। लगातार किश्तें नहीं आने पर बैंक ने आंतरिक जांच शुरू की। जांच के दौरान बैंक को पता चला कि जिस संपत्ति को गिरवी रखकर लोन लिया गया था, वह पहले से ही किसी अन्य बैंक के पास बंधक रखी जा चुकी थी। आरोप है कि इस महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाकर और कथित रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैंक को गुमराह किया गया। बैंक के अनुसार, मूल रूप से करीब 93 लाख रुपये का लोन स्वीकृत किया गया था, लेकिन लगातार भुगतान न होने और ब्याज जुड़ने के कारण बकाया राशि अब बढ़कर लगभग 1.06 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आईसीआईसीआई बैंक ने हरी पर्वत थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अब बैंक रिकॉर्ड, संपत्ति से जुड़े दस्तावेज और अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे। उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रविन्द्र बने राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के जिलाध्यक्ष



**इरादतनगर।** राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकांत त्यागी की अनुशंसा पर इंजी. मनोज त्यागी प्रभारी उत्तर प्रदेश राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल ने रविन्द्र कुमार निवासी महाव आगरा को जनपद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। जिलाध्यक्ष बनने पर रामरतन त्यागी, अंकित त्यागी, अवनीश त्यागी, कुलदीप, त्यागी, पंकज त्यागी, राजबहादुर त्यागी, सोनू त्यागी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## बात करने के विरोध पर पत्नी को पीटा

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

थाना फतेहाबाद क्षेत्र गांव चर्रपुरा में बुधवार सुबह पति को फोन पर बात करने की मना करने पर पति ने पत्नी को पीट दिया। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चर्रपुरा निवासी कविता पत्नी नीरू ने बताया कि बुधवार सुबह पति फोन पर महिला से बात कर रहे थे। जिसका विरोध किया तो गाली-गलौज करते हुए मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान मारपीट में कविता घायल हो गई। घटना की जानकारी थाने जाकर पुलिस को दी। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सीएचसी पर नहीं थम रहा उगाही का खेल

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

सीएचसी फतेहाबाद में आशा कार्यकत्री ने स्टाफ नर्स पर प्रसव के नाम पर सुविधा शुल्क व डिस्चार्ज का पर्चा मांगने पर अभद्रता और गाली-गलौज आरोप लगाया गया है।

सीएचसी फतेहाबाद में आशा के पद पर तैनात रेखा निवासी बरीपुरा ने बताया कि 18 जुलाई को गांव की अंजली पत्नी हरीशंकर का प्रसव कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद लेकर परिजन के साथ गई थी। आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स ने प्रसूता के परिजन से 2000 रुपए जमा कर लिए और उसके बाद 200 रूपए दाई को दिलवा दिए। 200 रूपए और देने पर उसके बाद डिस्चार्ज का पर्चा 3 दिन बाद देने के लिए कहा गया। बुधवार दोपहर को आशा सीएचसी फतेहाबाद पर लाभार्थी अंजली का छुट्टी का पर्चा लेने गई। तभी ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स ने कहा कि उस दिन के 200 रुपये रह गए हैं उन्हें दे दो उसके बाद छुट्टी का पर्चा मिलेगा। रुपए न देने पर गाली-गलौज करते हुए धक्का मार कर अपनी केबिन से बाहर निकालने का आरोप लगाया गया है। वहीं आशा का कहना है कि वह इसको लेकर उच्चाधिकारियों से स्टाफ नर्स की शिकायत करेगी। सीएचसी फतेहाबाद के अधीक्षक डॉ. अभिषेक चौहान ने बताया कि आशा के द्वारा रुपए लेने के आरोप लगाया जा रहे हैं। वह गलत है।

## 'पाश्चात्य सभ्यता में उजड़ता ब्रज' पर मंथन कल

**आगरा।** टीएनएफ टुडे और केएमआई विद्यापीठ, डॉक्टर भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा की ओर से, हम आपको एक गहन वैचारिक विमर्श ₹कला मंथन₹ में आमंत्रित करते हैं। कार्यक्रम में इस बार का विषय ₹पाश्चात्य सभ्यता में उजड़ता ब्रज₹ रखा गया है। यह एक ऐसा संवाद होगा जो हमारी संस्कृति और हमारे संस्कारों पर आधारित है। कार्यक्रम 24 जुलाई (शुक्रवार) को दोपहर 2 बजे सूरकक्ष केएमआई विद्यापीठ पालीवाल पार्क परिसर रहेगा। इसमें ब्रज क्षेत्र एवं देशभर के सभी साहित्य व कला-प्रेमियों का सादर स्वागत है। आइए, सत्य, संस्कृति और साहित्य की इस वैचारिक यात्रा का हिस्सा हम भी बनें।

## आत्मरक्षा प्रशिक्षक 29 जुलाई तक करें आवेदन

टीएनएफ टुडे, आगरा।

जिला विद्यालय निरीक्षक रविन्द्र पाल सिंह तोमर ने अवगत कराया है कि समग्र शिक्षा (माध्यमिक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ के अनुपालन में जनपद आगरा के 38 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किए जाने हेतु योग्य प्रशिक्षकों का चयन किया जाना है। इसके लिए मार्शल आर्ट (जूडो, कराटे, ताइक्वांडो आदि) में ब्लैक बेल्ट प्रमाणपत्र धारक महिला एवं पुरुष प्रशिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। चयन प्रक्रिया में महिला प्रशिक्षकों को वरीयता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, आगरा अथवा ई-मेल ॅ११२@ॅ'.ङ्के पर उपलब्ध करा सकते हैं। आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई है। चयनित प्रशिक्षकों को जनपद के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में तीन माह की अवधि तक रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करना होगा। चयनित प्रशिक्षकों को तीन माह के लिए प्रति विद्यालय अधिकतम 15,000 रुपये (रुपये पन्द्रह हजार मात्र) मानदेय देय होगा, जिसका भुगतान समग्र शिक्षा द्वारा निर्धारित शर्तों एवं दिशा-निदेशों के अनुसार किया जाएगा।

## खेत की बुवाई के विवाद में मां–बेटे को पीटा

**फतेहाबाद।** थाना फतेहाबाद क्षेत्र के गांव बेहड़ी में खेत की बुवाई करने को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे। इस दौरान मां बेटा घायल हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। थाना फतेहाबाद क्षेत्र के ग्राम ककरीली, बेहडी.निवासी शिवचरन पुत्र मवासी लाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार सुबह 9:30 बजे के करीब अपने नाती किशन उम्र 14 वर्ष व पुत्रवधू पतुरा देवी के साथ अपने खेत की बुवाई करने के लिए गई थी। आरोप है कि तभी गांव के कुछ लोग आ गए और खेत की बुवाई करने की मना करते हुए गाली-गलौज करने लगे। इस दौरान दोनों पक्षों के लोग हाथों में लाठी-डंडे लेकर आ गए दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान पतुरादेवी उनका बेटा किशन के चोट लग गई। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

# कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण देगी भाजपा



टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

कस्बा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में बुधवार को भाजपा विधानसभा खेरागढ़ का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और कार्यकताओं को डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम से जोड़ने पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि मैनपुरी के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान ने बूथ अध्यक्षों को संगठन की रीढ़ बताते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

आयोजक एवं चेयरमैन सुधीर गर्ग गुड्डू ने कार्यकताओं से सेवा, समर्पण और अनुशासन के साथ संगठन को मजबूत करने का संदेश दिया। सम्मेलन में डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से संगठनात्मक प्रशिक्षण की जानकारी भी दी गई। समापन पर चेयरमैन सुधीर गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया, सत्यदेव दुबे, स्थानीय विधायक एवं पूर्व विधायक सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

## ट्रक की टक्कर से महिला की मौत

**सैंया।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्वालियर हाईवे पर बुधवार सुबह हुए एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए।जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह करीब 7:15 बजे गांव सिकंदरपुर, थाना सैंया निवासी अजीत अपनी मां प्रेमवती (48 वर्ष) तथा 11 वर्षीय हरीस के साथ बाइक से सैंया की ओर जा रहे थे।

## सगे भाइयों में चले लाठी-डंडे, दो घायल

**फतेहाबाद।** थाना फतेहाबाद क्षेत्र के गांव जवाहरपुर में सोने की कॉलर को लेकर सगे भाइयों में लाठी-डंडे चले। इस दौरान दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा गया। करनसिंह पुत्र आसाराम निवासी जवाहरपुर थाना फतेहाबाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि एक साल पूर्व दूसरे नंबर के भाई ने सोने का कॉलर ले लिया था। जिसे बुधवार की शाम को वापस मांगा तो भाई व भतीजा गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे तभी मेरा छोटा भाई वीरेंद्र मुझे बचाने आया तो उस पर भी लाठी डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान मारपीट में करन सिंह व वीरेंद्र के सिर फट गए। वहीं घटना की जानकारी पर डायल 112 पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जंतर-मंतर पर प्रदर्शन, फतेहाबाद में अलर्ट

**फतेहाबाद।** दिल्ली में जंतर-मंतर पर चल रहे प्रदर्शन में राहुल गांधी और अखिलेश यादव के शामिल होने और हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद फतेहाबाद पुलिस अलर्ट पर है। कस्बे में चौराहे पर गश्त बढाई गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा नेता अखिलेश यादव के शामिल होने के बाद समाजवादी पार्टी व कांग्रेस के कार्यकताओं के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इसे लेकर फतेहाबाद पुलिस के द्वारा कस्बे के प्रमुख चौराहों पर पुलिस पिकेट बढ़ा दी है। सपा नेताओं व कांग्रेस नेताओं की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

# साइबर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

## आगरा से दुबई तक फैला साइबर सिंडिकेट बेनकाब

टीएनएफ टुडे, आगरा।



साइबर क्राइम थाना पुलिस ने फर्जी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के जरिए देशभर में साइबर ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश हुआ है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गिरोह फर्जी सीएससी आईडी, लिंक और एपीके फाइलों के माध्यम से लोगों को अपने जाल में फंसाकर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी कर रहा था।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सिद्धार्थनगर निवासी आयुष कुमार और उत्तराखंड के उधम सिंह नगर निवासी राजा उर्फ गुल प्रेम कुमार के रूप में हुई है। डीसीपी वेस्ट एवं साइबर आदित्य कुमार ने बताया कि आगरा निवासी एक व्यक्ति ने थाना साइबर में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी आईडी पर अवैध रूप से सीएससी सेंटर का संचालन किया जा रहा है।

पीड़ित को इस फजीर्वाड़े की जानकारी तब हुई, जब दूसरे राज्य की पुलिस की ओर से उसे नोटिस मिला। इसके बाद उसने आगरा साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तकनीकी और डिजिटल जांच शुरू की, जिसमें साइबर गिरोह का खुलासा हुआ।

जांच में सामने आया कि आरोपी फर्जी सीएससी पोर्टल, नकली लिंक और एपीके फाइल तैयार कर लोगों को डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करते थे।

- फर्जी सीएससी के नाम पर 50 करोड़ से ज्यादा की ठगी
- दूसरे राज्य की पुलिस के नोटिस से खुला राज

इसके बाद उनके दस्तावेज, बैंकिंग जानकारी और अन्य संवेदनशील डेटा हासिल कर साइबर ठगी को अंजाम दिया जाता था। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि आगरा में ही करीब 10 से 12 करोड़ रुपये की साइबर धोखाधड़ी की गई है। जबकि पूरे नेटवर्क ने देशभर में 50 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी को अंजाम दिया है। गिरोह के तार हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड और दुबई तक जुड़े होने की जानकारी सामने आई है। साइबर क्राइम पुलिस को जांच के दौरान करीब एक करोड़ रुपये के संदिग्ध सीएससी वॉलेट ट्रांजैक्शन के डिजिटल साक्ष्य भी मिले हैं। पुलिस अब इन लेन-देन की गहन जांच कर रही है। मामले में पांच अन्य संदिग्धों की पहचान की जा चुकी है, जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गिरोह लंबे समय से फर्जी सीएससी सेंटरों के जरिए लोगों को सरकारी सेवाओं और योजनाओं का झांसा देकर ठगी कर रहा था। बरामद डिजिटल उपकरणों और बैंकिंग रिकॉर्ड की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। ताकि नेटवर्क से जुड़े अन्य सदस्यों और आर्थिक लेन-देन का पूरा ब्योरा सामने आ सके।

# 'मैं जीना चाहता था, लेकिन मुझसे नहीं हो रहा सब'

## युवक ने वीडियो जारी किया, फांसी लगाकर दी जान

टीएनएफ टुडे, आगरा।

थाना रकाबगंज क्षेत्र स्थित ईदगाह कुतुलुपुर में मंगलवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई। यहां 21 वर्षीय सोनू कुमार पुत्र धरम सिंह ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद इलाके में शोक और सनसनी का माहौल है। रकाबगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया जा रहा है कि आत्महत्या से पहले युवक ने अपने मोबाइल फोन से एक वीडियो भी बनाया था। वीडियो में उसने भावुक शब्दों में अपने परिवार से माफी मांगी और अपनी पत्नी व उसके परिजनों को



किसी भी तरह से परेशान न करने की अपील की।

### वीडियो में छलका युवक का दर्द

मृतक सोनू कुमार ने वीडियो में कहा कि उसने शराब पी रखी है और उसकी पत्नी अपने घर चली जाए। वो अपनी जिंदगी अच्छे से जिए। उसने कहा कि उसे अपनी पत्नी से कोई शिकायत नहीं है। वीडियो में युवक खुद को अपनी गलतियों के लिए जिम्मेदार ठहराता नजर आया। सोनू ने कहा, ₹मैं जीना चाहता था, लेकिन मुझसे नहीं हो रहा था।₹ उसके इन शब्दों ने परिवार और आसपास के लोगों को झकझोर कर रख दिया।

### गृहक्लेश को माना जा रहा कारण

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, युवक लंबे समय से घरेलू कलह और मानसिक तनाव से जूझ रहा था। हालांकि, आत्महत्या के पीछे की असली वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। वीडियो को भी जांच का हिस्सा बनाया गया है।



## अखिलेश यादव की हिरासत के विरोध में प्रदर्शन

टीएनएफ टुडे, आगरा।

दिल्ली में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को हिरासत में लिए जाने की खबर के बाद आगरा में सपा कार्यकताओं ने ताजगंज स्थित पार्टी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। फतेहाबाद रोड पर जाम लगाकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ता सड़क पर बैठ गए, जिससे फतेहाबाद रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। घटना की सूचना मिलते ही थाना ताजगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर उन्हें शांत कराने और सड़क खाली कराने का प्रयास किया। काफी देर तक पुलिस और सपा नेताओं के बीच बातचीत चलती रही। बाद में यातायात को सामान्य कराने के प्रयास किए गए। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। पुलिस निगरानी बनाए हुए है।

# टूरिस्टों का दिल जीतने में लगी ताज पुलिस

## ताज सुरक्षा पुलिस का 'मिशन शक्ति' संदेश बना मिसाल

टीएनएफ टुडे, आगरा।



विश्व प्रसिद्ध ताजमहल पर पर्यटकों की सुरक्षा में तैनात ताज सुरक्षा पुलिस अपनी फ्रेंडली पुलिसिंग और संवेदनशील कार्यशैली से देश-विदेश के पर्यटकों का दिल जीत रही है। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के निर्देशन और सहायक पुलिस आयुक्त ताज सुरक्षा यतेंद्र सिंह नागर के नेतृत्व में ताज सुरक्षा पुलिस न केवल पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है, बल्कि ह्यमिशन शक्तिह्ल अभियान के माध्यम से महिला सुरक्षा और जागरूकता का संदेश भी दे रही है। प्रभारी निरीक्षक तिलक राम भाटी के मार्गदर्शन में ताजमहल के पश्चिमी गेट पर तैनात क्विक रिस्पांस टीम के प्रभारी उप निरीक्षक शिवराज सिंह और उनकी टीम पर्यटकों को सुरक्षा, मार्गदर्शन और सहायता उपलब्ध करा रही है। उनकी कार्यशैली को देखकर देश-विदेश से आने वाले पर्यटक आगरा पुलिस की सराहना कर रहे हैं। ताज सुरक्षा पुलिस द्वारा महिला पर्यटकों और स्कूली छात्राओं को मिशन शक्तिह्ल के तहत उनके अधिकारों, महिला सुरक्षा, हेल्पलाइन सेवाओं तथा साइबर ठगी से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। पुलिस की यह पहल महिलाओं को जागरूक और आत्मविश्वासी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। विदेशी और भारतीय पर्यटकों ने आगरा पुलिस की अनुशासित, प्रभावी और भरोसेमंद सुरक्षा व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस का सहयोगात्मक व्यवहार उनके पर्यटन अनुभव को और बेहतर बनाता है। महिला पर्यटकों ने विशेष रूप से ताज सुरक्षा पुलिस के सहयोग और संवेदनशीलता की सराहना की। ताज सुरक्षा पुलिस की इस पहल ने न केवल आगरा पुलिस की सकारात्मक छवि को मजबूत किया है, बल्कि ह्यसेवा, सुरक्षा और संवेदनाह्ल के संदेश को देश-विदेश तक पहुंचाने का भी कार्य किया है। ताज सुरक्षा पुलिस टीम में उप निरीक्षक शिवराज सिंह, आरक्षी दुर्गेश कुमार तथा महिला आरक्षी गुड्डी देवी शामिल हैं।

## 80 दिव्यांग और वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण बांटे



टीएनएफ टुडे, आगरा।

इम्मानुएल हॉस्पिटल एसोसिएशन के यूपी अर्बन प्रोजेक्ट द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), भारत सरकार के उपक्रम, के सहयोग से देवरी रोड स्थित रतन वाटिका में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का सफल आयोजन किया। इस अवसर पर पूर्व में चयनित 80 पात्र लाभार्थियों को ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, कमोड व्हीलचेयर, वॉकर, श्रवण यंत्र, छड़ी, कमर बेल्ट, सिलिकॉन कुशन सहित विभिन्न आवश्यक सहायक उपकरण नि:शुल्क वितरित किए गए। इन उपकरणों से लाभार्थियों के दैनिक जीवन को अधिक सुगम एवं आत्मनिर्भर बनाने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन ईएचए के परियोजना अधिकारी राजकुमार ने किया। उन्होंने बताया कि संस्था समुदाय स्तर पर जरूरतमंद लोगों तक आवश्यक सेवाएँ एवं संसाधन पहुँचाने के लिए निरंतर कार्यरत है। पिछले एक वर्ष में विभिन्न समुदायों के 1,400 से अधिक दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा चुके हैं। मुख्य अतिथि गोपालपुरा वार्ड की पार्षद पुष्पा कुमारी मौर्य ने कहा कि सहायक उपकरण दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पूर्व पार्षद नवाब सिंह मौर्य ने कहा कि ऐसे शिविर समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर प्रदान करते हैं। एलिम्को से अमित कुमार एवं शुभांशु तथा ईएचए की टीम से राजकुमार, अदिति सिंह, सेल्विना, शालू, दीपिका, कैरीना एवं फिलोमीना का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# सूर कुटी में हुई 'सूर संध्या काव्य गोष्ठी'

## श्रीप्रकाश शुक्ल मेमोरियल ट्रस्ट ने आयोजित कराया कार्यक्रम

टीएनएफ टुडे, आगरा।

श्रीप्रकाश शुक्ल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा सूर कुटी, रुनकता में आयोजित ह्लसूर संध्या काव्य गोष्ठी गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई। स्वर्गीय श्रीप्रकाश शुक्ल की स्मृति को समर्पित इस आयोजन में साहित्य, संस्कृति एवं सेवा का सुंदर समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती एवं स्वर्गीय श्रीप्रकाश शुक्ल जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। उपस्थित साहित्यकारों एवं अतिथियों ने महाकवि सूरदास को नमन करते हुए उनके साहित्यिक योगदान का स्मरण किया।



कार्यक्रम में महाकवि सूर स्मारक दृष्टिबाधित शिक्षण-प्रशिक्षण विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ आत्मीय समय व्यतीत किया गया तथा उन्हें भोजन-प्रसादी वितरित की गई। ब्रज भाषा के प्रतिष्ठित कवियों डॉ. रामेन्द्र शर्मा ह्यरविह्ल, आचार्य उमाशंकर पाराशर, आचार्य निर्मल (मथुरा), राकेश निर्मल, राकेश शर्मा ह्यदद्दूह्ल एवं मीना शर्मा ने अपनी काव्य प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश चन्द्र शुक्ल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय श्रीप्रकाश शुक्ल के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए ट्रस्ट भविष्य में भी ऐसे आयोजन करता रहेगा। विशेष अतिथि प्रभाकर शर्मा (आईआरएस) ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि महाकवि सूरदास और गोस्वामी तुलसीदास दोनों ने ब्रज भाषा को अपनी अनेक रचनाओं के माध्यम से समृद्ध किया है। ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सूर कुटी के प्रधानाचार्य महेश कुमार ने कहा कि ऐसे साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम नई पीढ़ी को भाषा, संस्कृति एवं जीवन मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर निशा शुक्ला, अवनीश शुक्ला, अतुल पाण्डेय (एसडीओ), डॉ. नरसिंह नरवार, एकता, एकांश, दुर्गेश पाण्डेय, संध्या बघेल, रोहित, बंटी, उदयवीर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रामेन्द्र शर्मा ह्यरविह्ल ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन निशा शुक्ला ने प्रस्तुत किया।

## पानी की बर्बादी के प्रति किया जागरूक

आगरा। दिल्ली पब्लिक स्कूल, शास्त्रीपुरम में उपस्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों के साथ भूगर्भ जल विभाग द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में नौरतन कमल, सहायक भू-भौतिकविद् ने जल संरक्षण व वर्षा जल संचयन विषय पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए जागरूक किया। हाइड्रोलॉजिस्ट दीपक कुमार द्वारा जल बचत से सम्बन्धित स्वयं के छोटे-छोटे प्रयासों से होने वाले उल्लेखनीय प्रभावों से अवगत कराते हुए दैनिक जीवन होने वाली जल की बबार्दी के सम्बन्ध में अवगत कराया। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय गोष्ठी एवं भूजल सप्ताह की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समें जिला विकास अधिकारी आगरा, उपायुक्त मनरेगा एवं जनपद आगरा के अन्य विभागों के प्रतिनिधि के साथ भूगर्भ जल विभाग एवं लघु सिचाई विभाग द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसी क्रम में सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई द्वारा जनपद आगरा में भूगर्भ जल विभाग के समन्वय से आयोजित समस्त कार्यक्रमों को पीपीटी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। अन्त में उपायुक्त द्वारा समस्त उपस्थित को जल शपथ दिलायी गयी।

## पशुओं के लिए निशुल्क टीकाकरण अभियान शुरू

आगरा। खुरपका-मुँहपका रोग के नियंत्रण हेतु निशुल्क टीकाकरण की शुरूआत मनीष बंसल जिलाधिकारी, प्रतिभा सिंह मुख्य विकास अधिकारी तथा डा० डीके पाण्डेय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा कलैक्ट्रेट प्रांगण से पशुपालन विभाग के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरूआत की गयी। पशुओं में टीकाकरण कार्य हेतु 49 टीमें पशुपालन विभाग द्वारा बनायी गयी है जोकि गाँव-गाँव जाकर पशुओं में निशुल्क टीकाकरण करेगी। टीकाकरण कुल 45 दिन तक चलेगा। टीकाकरण कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु डा० विपिन कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। कार्यक्रम में डा० विपिन कुमार, डा० अनिल कुमार, डा० जयन्त यादव उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों के न्यायोचित विषयों का समाधान जरूरी: अभाविप

टीएनएफ टुडे, आगरा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के केंद्रीय सचिव गौरव सिंह राजावत की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि विद्यार्थियों के न्यायोचित विषयों का समाधान किया जाना बहुत जरूरी है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहा हिंसक टकराव दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता लाना सरकार के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसके लिये भारत सरकार को उच्च स्तरीय समिति का गठन करना चाहिए। विद्यार्थियों को राष्ट्र विरोधी षड्यंत्रों से हर हाल में बचाना होगा। विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डा. वीरेंद्र सोलंकी की ओर से कहा गया कि जंतर-मंतर पर इन दिनों जो भी चल रहा है, वह दुखद और चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि भारत विरोधी ताकतें लंबे समय से षड्यंत्र रचकर देश को कमजोर करने में लगे हैं। सरकार को उनके मंसूबों को विफल करना ही होगा। खासकर युवा पीढ़ी को उनके चंगुल में फंसने से बचाना होगा।

# धूमधाम से निकाली भव्य कलश यात्रा

## 23-29 जुलाई तक कथा का वाचन करेंगी जया किशोरी जी

टीएनएफ टुडे, आगरा।

23 से 29 जुलाई तक आयोजित होने वाले श्रमद्भागवत कथा के उपलक्ष्य में श्रीश्याम परिवार सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित भव्य कलश यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हो गई। विजय नगर स्थित श्रीराधाकृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर जीवनी मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर तक पहुंची कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूरे मार्ग को भक्तिमय बना दिया। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर



कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। लगभग 1000 से अधिक महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर सिर पर कलश धारण किए और भजन-कीर्तन के साथ यात्रा में शामिल हुईं। प्रथम कलश मुख्य यजमान राजकुमार गुप्ता ने अपनी धर्मपत्नी राधा गुप्ता के सिर पर रखा। बैंड-बाजों की धुन, जय श्रीश्याम और के जयकारों के बीच आगे बढ़ती इस यात्रा ने शहरवासियों का ध्यान आकर्षित किया। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह धार्मिक रंग में रंग गया। कलश यात्रा में भगवान श्रीगणेश की मनोहारी झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसके साथ ही श्याम बाबा का भव्य और सुसज्जित डोला श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना रहा। अलवर से आए सीताराम जी बाबा द्वारा सजाए गए इस डोले की भव्यता ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रद्धालु मार्गभर दर्शन करते हुए भक्ति में लीन नजर आए। कलश यात्रा के समापन पर खाटू श्याम मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मंगल कामनाएं कीं। इस अवसर पर मुख्य रूप से आयोजन समिति के विकास मांगलिक, अनिल कुमार गुप्ता, विनीत मांगलिक, ऋषिक मांगलिक, अर्पित गुप्ता, आलोक अग्रवाल, संजय गुप्ता, मीतेश मित्तल, मोंटू भार्गव, संतोष शर्मा, जयश्री मांगलिक, अंजू मांगलिक, तनु मांगलिक, आकांक्षा गुप्ता, अनीता गुप्ता, साक्षी गुप्ता, अर्चना गुप्ता, रेनू आदि उपस्थित थीं।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादक: धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# नए भारत की अंतरिक्ष उड़ान का स्वर्णिम अध्याय

विक्रम-1 ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत अब केवल अंतरिक्ष में पहुंचने वाला देश नहीं, बल्कि अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने की क्षमता रखने वाला राष्ट्र बन चुका है। यह सफलता नए भारत के आत्मविश्वास, युवाओं की प्रतिभा और वैज्ञानिक सोच की विजय है। यह उस राष्ट्र की कहानी है जिसने कभी साइकिल और बैलगाड़ी पर रॉकेट के पुर्जे ढोए थे और आज निजी क्षेत्र के माध्यम से वैश्विक अंतरिक्ष बाजार में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करा रहा है। वास्तव में, विक्रम-1 केवल एक रॉकेट नहीं, बल्कि भारत के वैज्ञानिक आत्मविश्वास का उड़ता हुआ प्रतीक है। यह सफलता हमें यह संदेश देती है कि यदि नीति, प्रतिभा, उद्योग और राष्ट्रीय संकल्प एक दिशा में आगे बढ़ें तो असंभव भी संभव बन जाता है। निजी क्षेत्र की यह सफलता विज्ञान में अभिरुचि रखने वाले भारतीयों के लिए एक आह्वान है- अंतरिक्ष सेनानिया करो प्रयाण, सारा आकाश तुम्हारा है। अब आवश्यकता इस बात की है कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि को एक शुरूआत मानते हुए भारत अंतरिक्ष विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार की ऐसी मजबूत नींव तैयार करे, जहां इसरो की गौरवशाली परंपरा और निजी क्षेत्र की नई ऊर्जा मिलकर विश्व को नई दिशा दें। तभी सच अर्थों में यह कहा जा सकेगा कि अब केवल धरती ही नहीं, बल्कि पूरा आकाश भी भारत की नई विकास-गाथा का विस्तार बन चुका है।

आज आवश्यकता इस बात की भी है कि अंतरिक्ष विज्ञान को विद्यालयों और विश्वविद्यालयों के स्तर तक पहुंचाया जाए। विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं का विषय न रहकर जन-आंदोलन बने। युवा वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और नवाचारकताओं को स्टार्टअप संस्कृति से जोड़ने के लिए विशेष प्रोत्साहन दिया जाए। यदि प्रत्येक राज्य में स्पेस टेक्नोलॉजी इनोवेशन सेंटर स्थापित किए जाएं, उद्योगों और विश्वविद्यालयों के बीच अनुसंधान साझेदारी विकसित की जाए तथा अंतरिक्ष तकनीक में निवेश को बढ़ावा दिया जाए तो भारत अगले दशक में विश्व का अग्रणी अंतरिक्ष नवाचार केंद्र बन सकता है। भविष्य की आकाशीय सफलताओं की नई जमीन तैयार करने के लिए कुछ रचनात्मक कदम अत्यंत आवश्यक हैं-इसरो और निजी कंपनियों के बीच संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं प्रारंभ हों; पुनः प्रयोज्य रॉकेट तकनीक और हरित प्रणोदन (ग्रीन प्रोपल्शन) पर विशेष निवेश किया जाए; अंतरिक्ष विनिर्माण के लिए स्वदेशी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत किया जाए; युवाओं के लिए अंतरिक्ष उद्यमिता को बढ़ावा देने वाले विशेष कोष बनाए जाएं; तथा अंतरिक्ष कानूनों को सरल, पारदर्शी और निवेश-अनुकूल बनाया जाए। साथ ही, अंतरिक्ष मलबे (स्पेस डेब्रिस) के प्रबंधन, पर्यावरणीय सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर भी समान रूप से ध्यान देना होगा, क्योंकि भविष्य का अंतरिक्ष विकास केवल तकनीकी नहीं, बल्कि नैतिक और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व का भी विषय है।इसरो ने भारत को चंद्रयान, मंगलयान, आदित्य-एल1, गगनयान जैसी ऐतिहासिक उपलब्धियां दी हैं। सीमित संसाधनों में विश्वस्तरीय परिणाम देकर इसरो ने पूरी दुनिया का सम्मान अर्जित किया है। किंतु यदि प्रतिभाशाली वैज्ञानिक धीरे-धीरे संस्थान से बाहर जाते रहे तो दीर्घकाल में अनुसंधान और राष्ट्रीय अंतरिक्ष कार्यक्रम प्रभावित हो सकते हैं। इसलिए इसरो के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल नए मिशन तैयार करना नहीं, बल्कि वैज्ञानिक प्रतिभाओं को प्रेरित, सम्मानित और संतुष्ट बनाए रखना भी है। सरकार को चाहिए कि इसरो के वैज्ञानिकों के लिए प्रतिस्पर्धी वेतन संरचना, अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाएं, निर्णय लेने की अधिक स्वतंत्रता तथा नवाचार को प्रोत्साहित करने वाली नीतियां विकसित करे। सरकारी संस्थानों और निजी कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सहयोग का वातावरण तैयार होना चाहिए। निजी क्षेत्र इसरो का विकल्प नहीं, बल्कि उसका सहयोगी बन सकता है। जिस प्रकार अमेरिका में नासा और स्पेसएक्स मिलकर अंतरिक्ष कार्यक्रमों को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं, उसी प्रकार भारत में इसरो और निजी कंपनियों का समन्वय देश को वैश्विक नेतृत्व प्रदान कर सकता है।गौर कीजिए, अप्रैल 1975 में जब भारत ने अपना पहला उपग्रह अंतरिक्ष में भेजा था, तब उसका नामकरण महान खगोल वैज्ञानिक आर्यभट्ट के नाम पर किया गया था। यह सफलता केवल एक कंपनी की उपलब्धि नहीं है। यह उस नई नीति का परिणाम भी है जिसके अंतर्गत भारत सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी निवेश और स्टार्टअप के लिए खोलने का साहसिक निर्णय लिया। नई अंतरिक्ष नीति, इन-स्पेस जैसी संस्थाओं की स्थापना तथा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए उदार प्रावधानों ने भारतीय युवाओं के सामने नए अवसरों के द्वार खोल दिए हैं। आज देश में अनेक स्पेस स्टार्टअप उपग्रह निर्माण, प्रक्षेपण प्रणाली, अंतरिक्ष संचार और डेटा सेवाओं के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह परिवर्तन भारत को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की दिशा में मजबूत आधार प्रदान करेगा। किन्तु हर सफलता अपने साथ नई चुनौतियां भी लेकर आती है।

# सीजेपी के संसद मार्च से सुलगते सवाल और राजनीतिक निहितार्थ




कॉकरोच जनता पार्टी (उखढ) का "संसद चलो" आह्वान केवल एक विरोध मार्च नहीं, बल्कि केंद्र सरकार पर दबाव बनाने की एक राजनीतिक रणनीति है। खासकर जिस तरह से इस आंदोलन को छात्र आंदोलन का स्वरूप दिलवाया जा चुका है, वह डीप स्टेट के इशारे पर बनी विपक्ष की शातिर सरकार घेरो रणनीति का कमाल भी करार दिया जा रहा है। देखा जाए तो संसद के मानसून सत्र के दौरान गत 20 जुलाई को जंतर-मंतर से संसद की ओर मार्च करने के दौरान बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी जुटे और कूच किया, वह बिल्कुल संगठित राजनीतिक आंदोलन के तर्ज पर हुआ।

यदि संसद मार्च के घटनाक्रमों पर संतुलित नजर डालें तो यही प्रतीत होता है कि जब बड़ी संख्या में सीजेपी (उखढ) समर्थक "संसद चलो" मार्च के लिए जंतर-मंतर से संसद की ओर बढ़े, तो भले ही उनकी मुख्य मांगें शिक्षा सुधार, परीक्षा-पत्र लीक और जवाबदेही था, लेकिन इरादे तोड़फोड़ वाले और खतरनाक थे, अन्यथा पुलिस को बल प्रयोग नहीं करना पड़ता। चूंकि संसद के मानसून सत्र के दौरान माननीयों की सुरक्षा के दृष्टिगत दिल्ली पुलिस ने व्यापक बैरिकेडिंग की थी, इसलिए ज्यादा दिक्कत नहीं हुई। पुलिस ने कुछ प्रदर्शनकारियों को रोका, हिरासत में लिया तथा कुछ स्थानों पर आंदोलनकारियों द्वारा उपद्रव करने के बाद आंसू गैस और बल प्रयोग की घटनाएं सामने आईं। इससे अफरातफरी मच गई।

देखा जाए तो इस आंदोलन की प्रमुख मांगों में नीट (ठएएळ) पेपर लीक और भर्ती प्रक्रियाओं में कथित अनियमितताओं पर कार्रवाई, बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार की जवाबदेही, कुछ नेताओं द्वारा केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग, आंदोलन से जुड़े लोगों के साथ संवाद आदि हैं, लेकिन जो उत्पात दिखाई-सुनाई दिया, वह विपक्षी संस्कार नहीं तो क्या है? फिर भी, केंद्र सरकार ने आंदोलन के प्रतिनिधियों से बातचीत की पहल भी की, जो टकराव के बीच संवाद की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा सकता है। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने सरकारी प्रतिनिधि के तौर पर उखढ प्रतिनिधिमंडल से बातचीत की और मांगपत्र ग्रहण किया। बावजूद इसके आंदोलनकारी अपनी मांगों पर कायम हैं।

सवाल है कि संसद मार्च के क्रम में जो कुछ गड़बड़ हुआ, क्या वह लोकतांत्रिक है, सही था या गलत? तो जवाब होगा कि युवाओं का शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा की निष्पक्षता जैसे मुद्दों पर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज उठाना लोकतंत्र का वैध हिस्सा है। वहीं, सरकार द्वारा आंदोलनकारियों से बातचीत शुरू करना भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुरूप कदम है। फिर भी संसद मार्च के दौरान आंदोलनकारियों की ओर से कुछ कुछ गलत हुआ जो अनुचित लगा। यदि प्रदर्शनकारियों ने निषिद्ध क्षेत्र में जबरन प्रवेश करने या बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की, तो वह कानून-व्यवस्था की दृष्टि से उचित नहीं माना जाएगा।

वहीं, यदि पुलिस ने आवश्यकता से अधिक बल प्रयोग किया या शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर अनावश्यक कार्रवाई हुई, तो उसकी भी निष्पक्ष जांच और जवाबदेही तय होनी चाहिए। हालांकि, इस पर अलग-अलग पक्षों के अपने अपने दावे हैं और सभी तथ्यों के गोलमोल जवाब ही मिले हैं, जिनपर एतबार करना मुश्किल है क्योंकि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो, जिसका अंतिम सत्यापन अभी होना बाकी है, कई अनकही कहानियां गढ़ रहे हैं। इससे सरकार सांसत में है और विपक्ष तरह-तरह के आरोप लगाकर सिस्टम की मुश्किलें बढ़ा रहा है। हालांकि इस बात में कोई दो राय नहीं कि लोकतांत्रिक समाधान का सर्वोत्तम रास्ता संवाद और कानून के दायरे में रहकर समस्या का समाधान है।

भले ही किसी भी लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन और अपनी मांगें रखना नागरिकों का अधिकार है, लेकिन इस संसद मार्च के क्रम में देश की राजधानी नई दिल्ली के हृदय स्थल पर, जिस प्रकार की हिंसा, तोड़फोड़, सार्वजनिक व निजी संपत्ति को नुकसान पहुँचाना या सुरक्षा बलों से टकराव की जो प्रवृति दिखाई दी, वह विपक्षी दलों का परोक्ष कुचक्र नहीं तो क्या है? आखिर इस देशद्रोही प्रवृति को कदापि उचित नहीं ठहराया जा सकता है।

इसी प्रकार, यदि पुलिस बल का प्रयोग आवश्यकता से अधिक हुआ हो, तो उसकी भी निष्पक्ष समीक्षा होनी चाहिए। सवाल है कि क्या स्थानीय जिलाधिकारी और डीसीपी के पास छात्र समूह को काबू में रखने की कोई स्पष्ट रणनीति नहीं थी? और यदि थी तो फिर इतना सबकुछ कैसे हुआ? वहीं कोई पुलिस कर्मी कैसे पिट गया और घायल हुआ? आखिर किसी दुकानदार को तोड़-फोड़ का सामना क्यों और कैसे करना पड़ा? जनपथ बाजार की सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त क्यों नहीं किए गए थे। वहीं, अनियंत्रित युवा भीड़ क्यों जुटने दी गई और उनको काबू में रखने के लिए व्यापक बंदोबस्त क्यों नहीं किये गए थे?

### कॉकरोच जनता पार्टी के ₹संसद चलो₹ आह्वान के राजनीतिक मायने

कॉकरोच जनता पार्टी के "संसद चलो" आह्वान के राजनीतिक मायने केवल एक विरोध मार्च तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह भारतीय राजनीति में युवाओं के असंतोष, डिजिटल आंदोलन और पारंपरिक दलों के प्रति अविश्वास का प्रतीक बनकर उभरा है। हालांकि सीजेपी स्वयं को व्यंग्यात्मक आंदोलन बताता है, लेकिन इसके मुद्दे गंभीर राजनीतिक प्रश्न उठाते हैं।

यही वजह है कि राजनीतिक दृष्टि से इसके कई मायने निकाले जा रहे हैं:- पहला, संसद के मानसून सत्र के पहले दिन दबाव की राजनीति। दूसरा, युवाओं और प्रतियोगी परीक्षा अभ्यर्थियों के असंतोष को राष्ट्रीय मुद्दा बनाने का प्रयास। तीसरा, विपक्ष के लिए सरकार को घेरने का अवसर और चौथा, सरकार के लिए कानून-व्यवस्था बनाए रखते हुए आंदोलनकारियों से संवाद की चुनौती आदि।

### हालांकि, इसके प्रमुख राजनीतिक संकेत इस प्रकार हैं :

एक, युवा असंतोष का राजनीतिक रूपांतरणः बेरोजगारी, परीक्षा-पत्र लीक, शिक्षा व्यवस्था और राजनीतिक जवाबदेही जैसे मुद्दों को लेकर नाराजगी को संगठित करने का प्रयास दिखाई देता है। दो, डिजिटल से सड़क तकः सोशल मीडिया पर शुरू हुआ अभियान अब वास्तविक जन-प्रदर्शन में बदलता दिख रहा है, जो यह संकेत देता है कि ऑनलाइन असंतोष भी राजनीतिक दबाव का माध्यम बन सकता है।

तीन, सरकार पर दबावः संसद के मानसून सत्र के पहले दिन मार्च का समय चुनना सरकार और संसद का ध्यान आकर्षित करने की रणनीति माना जा सकता है। सरकार और उखढ प्रतिनिधियों के बीच बातचीत शुरू होने की खबर भी इसी दबाव का संकेत है।

चार, विपक्ष के लिए अवसरः यदि विपक्ष इस असंतोष को राजनीतिक समर्थन देता है, तो यह सरकार को घेरने का एक नया मुद्दा बन सकता है। वहीं यदि आंदोलन स्वतंत्र बना रहता है, तो यह पारंपरिक दलों से अलग एक नई राजनीतिक शैली का संकेत होगा।

पांच, प्रतीकों की राजनीतिः "कॉकरोच" जैसे अपमानजनक शब्द को पहचान और प्रतिरोध के प्रतीक में बदलना राजनीतिक संचार की एक प्रभावी रणनीति है, जो विशेषकर युवाओं के बीच ध्यान आकर्षित करती है। छठा, उखढ की कई मांगें और उसकी प्रस्तुति व्यंग्य एवं प्रतीकात्मक राजनीति का हिस्सा हैं। इसलिए यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि यह एक स्थायी राष्ट्रीय राजनीतिक शक्ति बन जाएगी। दरअसल उसकी वास्तविक राजनीतिक क्षमता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या वह सोशल मीडिया की लोकप्रियता को लंबे समय तक संगठित जनसमर्थन और ठोस राजनीतिक संगठन में बदल पाती है।

निष्कर्षतः यही कहना उपयुक्त होगा कि लोकतंत्र में न तो हिंसक टकराव समाधान है और न ही वैध असंतोष को केवल बल पूर्वक दबाना। लिहाजा सबसे उचित रास्ता यही है कि आंदोलन शांतिपूर्ण रहे, कानून का सम्मान हो, और सरकार ठोस संवाद के माध्यम से शिक्षा सुधार तथा परीक्षा प्रणाली से जुड़े मुद्दों का विश्वसनीय समाधान प्रस्तुत करे। अन्यथा छात्र आंदोलन यदि राष्ट्रीय स्वरूप अख्तियार कर लेगा तो सनातनी सत्ता को लेने के देने पड़ जाएंगे।

**- कमलेश पांडेय**

# संवाद ही समाधान का मार्ग, टकराव नहीं

देश की शिक्षा व्यवस्था आज ऐसे दौर से गुजर रही है, जहाँ केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही नहीं, बल्कि परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता भी राष्ट्रीय चिंता का विषय बन चुकी है। बीते कुछ वर्षों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर उठे विवादों ने लाखों विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के मन में अनेक प्रश्न खड़े किए हैं। ऐसे समय में सबसे बड़ी आवश्यकता भावनात्मक प्रतिक्रियाओं की नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण संवाद, संस्थागत आत्ममंथन और ठोस सुधारों की है।

किसी भी लोकतांत्रिक समाज में विद्यार्थियों की आवाज को अनसुना नहीं किया जा सकता। यदि परीक्षा संचालन, मूल्यांकन अथवा प्रवेश प्रक्रिया को लेकर शंकाएँ उत्पन्न होती हैं, तो उनका समयबद्ध और पारदर्शी समाधान शासन एवं संबंधित संस्थाओं की जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों का विश्वास किसी भी परीक्षा प्रणाली की सबसे बड़ी पूंजी होता है। यदि यही विश्वास कमजोर पड़ने लगे, तो केवल परीक्षा ही नहीं, पूरी शिक्षा व्यवस्था की साख प्रभावित होती है। दूसरी ओर, यह भी उतना ही सत्य है कि किसी भी प्रकार का आंदोलन तब तक प्रभावी और सम्मानजनक माना जाता है, जब तक वह शांतिपूर्ण, अनुशासित और लोकतांत्रिक मयार्दाओं के अनुरूप हो। हिंसा, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाना, सुरक्षा व्यवस्था से टकराव या अराजकता का वातावरण तैयार करना न केवल वैधानिक दृष्टि से अनुचित है, बल्कि इससे मूल मुद्दे भी पीछे छूट जाते हैं। ऐसे घटनाक्रम अंततः विद्यार्थियों के हितों को ही क्षति पहुँचाते हैं।

यह भी ध्यान रखने योग्य है कि छात्रों की वास्तविक समस्याएँ किसी भी प्रकार के राजनीतिक, वैचारिक या अन्य स्वार्थों का माध्यम नहीं बननी चाहिएँ। शिक्षा का प्रश्न मूलतः विद्यार्थियों के भविष्य और राष्ट्र की बौद्धिक पूँजी से जुड़ा विषय है। इसलिए इसे संकीर्ण हितों से ऊपर उठकर देखा जाना चाहिए। किसी भी दिशा से यदि छात्र आंदोलनों को भटकाने या उनका उपयोग अन्य उद्देश्यों के लिए करने का प्रयास होता है, तो उससे सबसे अधिक नुकसान छात्रों के हितों को ही होता है।

समस्या का स्थायी समाधान केवल दोषारोपण से नहीं निकलेगा। आवश्यकता है कि परीक्षा प्रणाली की व्यापक समीक्षा की जाए। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, डिजिटल निगरानी, मूल्यांकन प्रक्रिया की पारदर्शिता, शिकायत निवारण तंत्र की प्रभावशीलता तथा उत्तरदायित्व की स्पष्ट व्यवस्था जैसे विषयों पर गंभीरता से कार्य किया जाए। यदि आवश्यक हो तो स्वतंत्र विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति गठित कर परीक्षा व्यवस्था के सभी पहलुओं का निष्पक्ष अध्ययन कराया जाए और उसके आधार पर दीर्घकालिक सुधार लागू किए जाएँ।

यह भी स्वीकार करना होगा कि आधुनिक तकनीक परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा, डिजिटल ऑडिट तथा डेटा विश्लेषण जैसे उपाय भविष्य में अनियमितताओं की संभावना को काफी हद तक कम कर सकते हैं। परंतु तकनीक तभी प्रभावी होगी, जब उसके साथ संस्थागत उत्तरदायित्व और पारदर्शिता भी सुनिश्चित की जाए।

सरकार, परीक्षा एजेंसियाँ, विश्वविद्यालय, शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी–सभी इस व्यवस्था के समान रूप से महत्वपूर्ण भागीदार हैं। इसलिए समाधान भी साझा उत्तरदायित्व और पारस्परिक विश्वास के आधार पर ही संभव है। किसी भी त्रुटि की निष्पक्ष जाँच, दोषियों के विरुद्ध समयबद्ध कार्रवाई और सुधारात्मक उपायों का प्रभावी क्रियान्वयन ही जनता का विश्वास पुनः स्थापित कर सकता है।

भारत की युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी सामर्थ्य है। उसके मन में यदि व्यवस्था के प्रति विश्वास और न्याय का भाव रहेगा, तो वही शक्ति राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाएगी। इसलिए आवश्यक है कि विद्यार्थियों की उचित चिंताओं को गंभीरता से सुना जाए, उनकी समस्याओं का संवेदनशील समाधान किया जाए और साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि विरोध की अभिव्यक्ति लोकतांत्रिक मयार्दाओं और सामाजिक उत्तरदायित्व की सीमाओं के भीतर ही रहे।

आज आवश्यकता किसी पक्ष की विजय या पराजय की नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता को पुनर्स्थापित करने की है। संवाद, पारदर्शिता, जवाबदेही और संस्थागत सुधार–यही वे चार आधार हैं, जिन पर एक ऐसी परीक्षा प्रणाली का निर्माण किया जा सकता है, जिस पर विद्यार्थी न केवल भरोसा करें, बल्कि गर्व भी कर सकें। लोकतंत्र में टकराव कभी स्थायी समाधान नहीं देता; समाधान का वास्तविक मार्ग सदैव संवाद, विश्वास और सुधार से होकर ही गुजरता है।

**-प्रोफेसर स्वामी ध्यान प्रेम**
**[आध्यात्मिक शिक्षक एवं चिंतक]**

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

दिनांक 24 जुलाई 2026 भृगुवार

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शनः आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष वृष सिंह कन्या धनु और मीन राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। भृगुवार का दिन साक्षात ऐश्वर्य की देवी महालक्ष्मी की साधना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन लक्ष्मी जी को श्वेत पुष्प अर्पित करना तथा लक्ष्मी चालीसा या श्री सूक्त का वाचन करना जीवन में असीम वैभव आरोग्यता पारिवारिक सुख और उच्च प्रशासनिक सफलता लेकर आता है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक साख और व्यावसायिक सम्मान में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव अत्यधिक होगा और सोचे हुए सभी रुके हुए काम गति पाएंगे। व्यापारिक क्षेत्र में चल रही पुरानी सुस्ती आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। मां लक्ष्मी को प्रणाम करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि भवन से जुड़े पुराने विवाद हल होंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के सहयोग से आपको किसी मुख्य और सम्मानित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मस्तक ऊंचा होगा और मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। लक्ष्मी अष्टक का जाप करें जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल व्यावसायिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। मां लक्ष्मी के सम्मुख दीप प्रज्वलित करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद को अत्यधिक ऊजार्वान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। माता महालक्ष्मी को सफेद पुष्प अर्पित करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर सफेद चंदन का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और उच्च सहयोगियों की मदद से किसी महत्वपूर्ण नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी सच्ची मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। असहाय लोगों के लिए अन्न की व्यवस्था करें जिससे आपके यश में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र विस्तृत होगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई महत्वपूर्ण रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी मंदिर में सफेद मिष्ठान का दान करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। महालक्ष्मी कवच का वाचन करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का अधिक लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखित प्रमाण के कोई महत्वपूर्ण आर्थिक व्यवहार न करें। महालक्ष्मी मंत्र का मानसिक जाप करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साझेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए मुख्य व्यावसायिक सहयोगी सम्मिलित होने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। लक्ष्मी नारायण जी को याद करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर षड्यंत्र को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत महत्वपूर्ण और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। गाय को हरी घास खिलाएं जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को असीम राहत मिलेगी। किसी लक्ष्मी मंदिर में धार्मिक पुस्तक दान करें जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

भृगुवार के दिन घर के मुख्य हॉल में पूर्व की दिशा में जल से भरा हुआ पीतल का कलश स्थापित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा और भयंकर वास्तु दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात महालक्ष्मी की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का आर्थिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा संवर्धित होती रहती है।

# बेहतर समन्वय से हल होंगी होटल उद्योग की समस्याएं: महेंद्र प्रताप

## होटल एवं व्यापार उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने किया मंथन, सुरक्षा मानकों के पालन पर दिया जोर



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

लखनऊ अग्निकांड के बाद होटल उद्योग के समक्ष खड़ी चुनौतियों और सुरक्षा मानकों के अनुपालन को लेकर बुधवार को बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के ऑडिटोरियम में मथुरा-वृंदावन होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन की बैठक आयोजित हुई। इसमें होटल एवं व्यापार उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों ने प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। अधिकारियों ने नियमों की जानकारी देने के साथ उनके समाधान का भरोसा भी दिलाया।

बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट अनुपम मिश्रा ने कहा कि होटल, गेस्ट हाउस और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है। हाल की घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया है कि लापरवाही से जान-माल की बड़ी क्षति हो सकती है। इसलिए शासन भवनों की सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने नेशनल बिल्डिंग कोड और अग्निशमन नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि भवन की ऊंचाई और श्रेणी के अनुसार सुरक्षा मानक निर्धारित हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई होटल पुराना है और उसके स्वीकृत नक्शे में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है, तो नियमानुसार उसका परीक्षण कर आवश्यक निर्णय लिया जाएगा। क्षेत्रीय

पर्यटन अधिकारी

ने होटल पंजीकरण की प्रक्रिया और उससे जुड़ी औपचारिकताओं की जानकारी दी तथा सभी संचालकों से समय पर पंजीकरण और आवश्यक मानकों का पालन करने की अपील की। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के सचिव आशीष सिंह, सहायक नगर आयुक्त नीरज कुमार ने भी कारोबारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मथुरा-वृंदावन होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कहा कि होटल उद्योग की समस्याओं का समाधान प्रशासन, होटल संचालकों और व्यापार उद्योग के बीच बेहतर समन्वय से ही संभव है। उन्होंने अधिकारियों से उद्योग की व्यावहारिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए मानकों को पूरा करने के लिए पर्याप्त समय देने की मांग की। साथ ही होटल संचालकों से सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करने का आह्वान किया।

बैठक में होटल संचालकों और व्यापारियों ने फायर एनओसी, भवन मानकों, होटल पंजीकरण तथा अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने होटलों को सील न किए जाने की मांग की। इस पर अधिकारियों ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए जल्द ही एक और संयुक्त बैठक आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की।

बैठक का संयुक्त संचालन एसोसिएशन के सचिव आर.बी. चौधरी एवं व्यापारी नेता शशिभानु गर्ग ने किया। इस अवसर पर मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण, नगर निगम, अग्निशमन विभाग और पर्यटन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। व्यापारी नेता सुनील अग्रवाल, सुनील साहनी, होटल संचालक राजा भोज, राजन अग्रवाल, सौरभ, मथुरी अग्रवाल, विजय चतुर्वेदी, ध्रुव अग्रवाल,

सहित बड़ी संख्या में होटल एवं व्यापार उद्योग से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बास्केटबाल एवं हैण्डबाल के लिए ट्रायल 27 से 29 तक

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

उप क्रीड़ा अधिकारी आजाद सिंह ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के तत्वावधान में 27 से 29 जुलाई तक प्रदेश महिला बास्केटबाल एवं हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन अयोध्या में किया जा रहा है।

प्रदेशीय बास्केटबॉल एवं हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम का मण्डलीय चयन ट्रायल्स 24 जुलाई को प्रातः 11 बजे से आगरा में तथा उक्त खेलों का जिला स्तरीय महिला वर्ग चयन, ट्रायल्स दिनांक 23 जुलाई को सांय तीन बजे से जिला खेल कार्यालय स्व. मोहन पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम गणेशरा मथुरा में आयोजित किया जायेगा। बास्केटबाल एवं हैण्डबाल चयन ट्रायल्स में वही महिला भाग ले सकती हैं जिनकी आयु 31 दिसम्बर 2026 को 25 वर्ष से अधिक न हो।

ट्रायल्स में भाग लेने की प्रविष्टि निःशुल्क है। महला बास्केटबाल एवं हैण्डबाल चयन, ट्रायल्स में भाग लेने वाले इच्छुक महिला खिलाडी 23 जुलाई को सांय तीन बजे अपने आधार कार्ड सहित जिला खेल कार्यालय मथुरा साथ लाना सुनिश्चित करें।

# शाहपुर में धान की रोपाई के दौरान दो पक्ष भिड़े

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

मगोर्रा थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में शुक्रवार रात करीब 10 बजे धान की रोपाई को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक युवक ने तमंचे से फायरिंग कर दी। गोली लगने से मां और बेटा घायल हो गए। दोनों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, खेत में धान की पौध लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और एक नामजद युवक ने तमंचे से फायर कर दिया। गोली महेश सिंह की पत्नी सरोज देवी और उनके बेटे गोपाल सिंह को लगी, जिससे दोनों घायल हो गएफायरिंग के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, इसलिए पुलिस एहतियात के तौर पर निगरानी बनाए हुए है। क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल कुमार सिंह ने बताया कि धान की रोपाई को लेकर हुए विवाद में एक नामजद युवक ने तमंचे से फायरिंग की थी। इसमें सरोज देवी और उनके बेटे गोपाल सिंह घायल हुए हैं। दोनों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है।

### कक्षा दो के छात्र की मौत के मामले में बस चालक व स्कूल प्रबंधन पर एफआईआर

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा। थाना जैंत क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम राल स्थित तिलक सिंह इंटर कॉलेज में बस हादसे के दौरान छात्र नितिन की दर्दनाक मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कानूनी कार्रवाई की है। हादसे के बाद से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों की मांग पर पुलिस ने बस चालक, स्कूल की प्रधानाचार्या और स्कूल मालिकों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

बरसाना क्षेत्र के ग्राम पेलखू निवासी पीड़ित पिता गंगदेव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका छह वर्षीय पुत्र नितिन गुरुवार सुबह स्कूल बस (संख्या यूपी 85 डीटी 1480) से विद्यालय गया था। सुबह करीब 8 बजे जब बस स्कूल परिसर के गेट पर पहुंची और बच्चे उतर रहे थे, तभी चालक विष्णु ने घोर लापरवाही बरतते हुए अचानक गाड़ी को तेजी से आगे बढ़ा दिया। इसके चलते बस का पिछला पहिया नितिन के सिर को कुचलता हुआ निकल गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पीड़ित का आरोप है कि इस भीषण हादसे के बाद भी स्कूल प्रशासन का रवैया बेहद अमानवीय रहा। स्कूल की प्रधानाचार्या रेनू, स्कूल मालिक कृष्ण गोपाल व हेमन्त और अन्य स्टाफ ने बच्चे को बचाने या अस्पताल पहुंचाने का कोई प्रयास नहीं किया। घटना के तुरंत बाद वे परिजनों को सूचित किए बिना ही स्कूल में ताला लगाकर मौके से फरार हो गए। जैंत थाना पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर बस चालक व स्कूल प्रबंधन के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और विवेचना उपनिरीक्षक संदीप राणा को सौंपी गई है।

# डीआइजी, डीएम, एसएसपी वृंदावन में आज एक-एक किमी करेंगे स्वच्छता

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि महाप्रभु की लाड़ली भूमि, श्री राधा-कृष्ण की क्रीड़ा स्थली, भक्तों और पूज्य संतों के हृदय में बसने वाले श्री वृन्दावन धाम का परिक्रमा मार्ग केवल एक रास्ता नहीं है, बल्कि यह करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति का साक्षात स्वरूप है। ऐसे पावन मार्ग की पवित्रता, स्वच्छता और सुंदरता को बनाए रखना हम सभी ब्रजवासियों और श्रद्धालुओं का परम कर्तव्य है। आइए, हम सब मिलकर ठाकुर श्री बांके बिहारी जी के चरणों में अपनी सेवा अर्पित करें और स्वच्छ, सुंदर और पवित्र वृन्दावन के संकल्प को सिद्ध करें।

# डीएम ने मंत्री को बताया जनपद में भरपूर मात्रा में उपलब्ध है खाद

## राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग जे.पी.एस. राठौर ने की विभागीय समीक्षा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग जे.पी.एस. राठौर द्वारा जनपद मथुरा का भ्रमण किया गया। मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि खरीफ अभियान के अन्तर्गत जनपद में प्रचुर मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है तथा कृषकों को नियमानुसार वितरण कराया जा रहा है।

जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में यूरिया 25051 मीट्रिकटन और फॉस्फेटिक 8861 मीट्रिक टन टन उर्वरक उपलब्ध है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 79 समितियां तथा 111 उर्वरक बिक्री केंद्र हैं तथा कृषकों को निर्बाध उर्वरक आपूर्ति करायी जा रही है। बैठक सहकारिता मंत्री द्वारा जनपद में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत गेहूं खरीद में कृषकों के भुगतान की समीक्षा की गयी। उनके द्वारा सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता को सहकारी समितियों के जीर्णोद्धार, मरम्मत कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में मंत्री द्वारा समितियों पर उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित करने, जिला सहकारी बैंक के व्यवसाय में वृद्धि करने आदि से सम्बन्धी महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये।

मंत्री द्वारा नैनो यूरिया तथा नैनो डीएपी के विक्रय के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करने हेतु निर्देशित किया गया तथा अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह, अपर आयुक्त सहकारिता आगरा आदित्य कुमार दुबे, जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार सिंह, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अभिषेक मिश्रा, उप क्षेत्र प्रबंधक इफको मथुरा सतबीर सिंह, जिला सहकारी बैंक लिमिटेड मथुरा डा. शैलेन्द्र कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी कृभको अखण्ड प्रताप सिहं, जिला प्रबंधक पीसीएफ सतीश चन्द्र, जिला प्रबंधक पीसीयू चन्द्र शेखर, सचिव जिला सहकारी विकास संघ लिमिटेड मथुरा सुरेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# गोवर्धन में बोले मंत्री जेपीएस राठौर बूथ अध्यक्ष ही संगठन के सेनापति

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, गोवर्धन।

भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई द्वारा बुधवार को गोवर्धन बस स्टैंड के समीप स्थित राधेश्याम सेवा सदन में बूथ अध्यक्ष प्रशिक्षण सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पार्टी नेताओं ने बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, कार्यकताओं की सक्रिय भूमिका तथा जनसंपर्क को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता राज्य मंत्री जे.पी.एस. राठौर, गोवर्धन विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव एवं पूर्व विधायक कारिंदा सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी बूथ सम्मेलन जिला संयोजक रामकृष्ण पाठक ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं प्रशिक्षण सत्र में मुख्य वक्ता सहकारिता राज्य मंत्री जे.पी.एस. राठौर ने कहा कि किसी भी चुनाव की जीत का आधार मजबूत बूथ संगठन होता है।

उन्होंने कहा कि बूथ जीता, चुनाव जीता केवल नारा नहीं, बल्कि भाजपा की कार्यशैली का मूल आधार है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों को संगठन का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में उनकी भूमिका सबसे अहम होती है। वही मंत्री राठौर ने कार्यकर्ताओं से पन्ना प्रमुखों के साथ नियमित समन्वय बनाए रखने, मतदाता सूची के निरंतर सत्यापन और डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अनुशासित एवं सक्रिय बूथ संगठन ही चुनावी सफलता की सबसे बड़ी गारंटी है। गोवर्धन विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह ने कहा कि कार्यकताओं का समर्पण ही भाजपा की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने बूथ प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने तथा प्रत्येक मतदाता से निरंतर संवाद बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। भाजपा जिला महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने संगठनात्मक कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अनुशासन के साथ पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करे। उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से संगठन की गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया। संचालन जिला महामंत्री ज्ञानेंद्र राणा ने किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी, पूर्व विधायक कारिंदा सिंह, जिला सहकारी संघ अध्यक्ष सुल्तान सिंह तरकर, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन निरंजन सिंह धनगर, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हीरा सिंह कुंतल, जिला महामंत्री विनीत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष चंद्रपाल कुंतल, जिला उपाध्यक्ष ललित गौतम, जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा सुरेंद्र सिंह प्रधान परशुराम सिंह राम फल मुंशी प्रभात चौधरी मनोज ठाकुर सौनोठ शुभम ठाकुर मोहन भारद्वाज मंडल अध्यक्ष अजय शर्मा राजावत कान्हा शर्मा सुनील तरकर प्रकाश सिंह गौड़ करतार सिंह सतेंद्र सिरोही सियाराम शर्मा नितिन शर्मा रामजीलाल ठाकुर राकेश तोमर कपिल पटेल तिलक सिंह कुंतल सहित अनेक पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रामलीला कमेटी का स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 29 जुलाई को

**राया।** श्री रामलीला कमेटी, राया द्वारा रक्तदाता फाउंडेशन के तत्वावधान में 29 जुलाई को एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। कमेटी अध्यक्ष अभिषेक पाराशर एवं नरेश रावत ने सभी कमेटी पदाधिकारियों और नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद का जीवन बचा सकता है।

रक्तदाता फाउंडेशन के शुभम अग्रवाल ने भी नगर के सभी रक्तवीरों से शिविर में सहभागी बनकर स्वैच्छिक रक्तदान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अमित गोयल, रविकांत वर्मा, डॉ. वेदांत, जीतू वर्मा, सरवन अहमद, काव्यांश शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# संसदीय बोर्ड में नई जिम्मेदारी मिलने पर योगेश नौहवार किया अभिनंदन

**मथुरा।** राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) के विधान परिषद सदस्य योगेश नौहवार को पार्टी के संसदीय बोर्ड का सदस्य मनोनीत किए जाने पर रविवार को उनके आवास पर भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, समर्थकों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निशांत शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने योगेश नौहवार का पुष्पमालाओं से स्वागत किया और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान उत्साह और संगठनात्मक एकजुटता का माहौल देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने इसे पार्टी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए नौहवार के नेतृत्व पर विश्वास जताया।स्वागत कार्यक्रम के बाद करीब दो घंटे तक संगठन को मजबूत बनाने, क्षेत्र के विकास, जनहित के मुद्दों और आगामी राजनीतिक रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। योगेश नौहवार ने कार्यकर्ताओं के सुझावों को गंभीरता से सुना और कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकजुटता और सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। उन्होंने सभी से जनता के बीच रहकर पार्टी की नीतियों और जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं ने भरोसा दिलाया कि वे राष्ट्रीय लोक दल की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

# गुरु पूर्णिमा से पहले वृंदावन पहुंचे विराट, अनुष्का

## कीचड़ भरे रास्ते पर नंगे पांव चलकर संत प्रेमानंद के दर पहुंच लिया आशीर्वाद

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, वृंदावन।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव से ठीक पहले भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली और उनकी पत्नी, अभिनेत्री अनुष्का शर्मा बुधवार सुबह अचानक वृंदावन पहुंचे। दोनों ने यमुना पार स्थित ह्ययमुना कुंज आश्रमह्न में एकांतवास कर रहे पूज्य संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए और विधिवत पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरु पूर्णिमा पर अपने दीक्षित शिष्यों को दर्शन देने के लिए संत प्रेमानंद के आश्रम में तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और देश-विदेश से शिष्यों के आने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में संत प्रेमानंद के दीक्षित शिष्य विराट कोहली और अनुष्का शर्मा बुधवार सुबह करीब 7 बजे बेलवन स्थित आश्रम पहुंचे। हालिया बारिश के कारण आश्रम की ओर जाने वाले रास्ते में भारी कीचड़ हो गया था। भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंगे विराट कोहली ने अपने जूते-चप्पल उतारे और पत्नी अनुष्का शर्मा का हाथ थामकर नंगे पैर ही कीचड़ भरे मार्ग से होते हुए गंतव्य तक पहुंचे। आश्रम आगमन पर संत के शिष्यों ने दोनों का पारंपरिक एवं भव्य स्वागत किया। विराट और अनुष्का ने आश्रम में करीब एक घंटे का समय बिताया। इस दौरान उन्होंने संत प्रेमानंद महाराज के सम्मुख बैठकर आध्यात्मिक चर्चा की और आशीर्वाद लिया। जब दोनों आश्रम से बाहर निकले, तो विराट के माथे पर त्रिपुंड, चंदन का टीका और हाथों में आश्रम का प्रसाद नजर आया। इस पूरे दौरे को बेहद गोपनीय रखा गया था। संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन करने के उपरांत विराट और अनुष्का वृंदावन के बाराहघाट स्थित आश्रम पहुंचे। वहां उन्होंने संत प्रेमानंद के गुरु गौरांगी शरण महाराज के दर्शन किए और उनकी भी पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। माना जा रहा है कि गुरु पूर्णिमा पर होने वाली अत्यधिक भीड़ से बचने के लिए दोनों ने समय से पूर्व ही वृंदावन

# 5 लाख 45 हजार 550 पशुओं को किया जाएगा खुरपका, मुंहपका से सुरक्षित

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

- टीकाकरण अभियान हुआ शुरू, सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर एम्बुलेंस को किया रवाना

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार से जनपद में शुरू होने जा रहे खुरपका मुंहपका टीकाकरण अभियान को सुचारू रूप से सफल बनाने हेतु जनपद के समस्त उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारियों एंव पशुधन प्रसार अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी। बैठक में अभियान से सम्बन्धित विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गयी। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ . एनके शुक्ला द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि जिले में पशुओं को खुरपका-मुंहपका (एफएमडी-आठवां चरण) रोग से बचाने के लिये पशुपालन विभाग ने विस्तृत एंव व्यापक कार्य योजना बनाकर राष्ट्रीय रोग नियन्त्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत 4 सितम्बर 2026 तक विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान जनपद के 5 लाख 45 हजार 550 पशुओं में निःशुल्क टीकाकरण किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी डॉ . पूजा गुप्ता ने बैठक में उपस्थित सभी टीमों को निर्देशित किया कि अभियान को सफल बनाने के लिये जिले के सभी 10 विकास खण्डों में स्थित उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी मानकों के अनुरूप टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें एंव भारत पशुधन ऐप पर पशुपालकों का रजिस्ट्रेशन कर पशुओं में टैगिग करें एवं टीकाकरण अपलोड करना सुनिश्चित करें। उक्त के सम्बन्ध में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने अवगत कराया कि उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में टीमों का गठन किया गया हैं, जो पशुपालकों के द्वार पर जाकर टीकाकरण का कार्य करेंगी। इस अभियान में शत प्रतिशत पात्र पशुओं का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा एंव 4 माह से कम आयु के बच्चों तथा 8 माह से अधिक गर्भित पशुओं को छोड़कर सभी पात्र पशुओं में टीकाकरण किया जायेगा। बैठक सम्पन्न होने के उपरान्त मुख्य विकास अधिकारी डॉ . पूजा गुप्ता द्वारा जनपद की समस्त टीकाकरण टीमों को हरी झण्डी दिखाकर अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जनपद के समस्त उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, जनपद में संचालित मोबाइल वैटनरी युनिट पर पदस्थ पशु चिकित्सा अधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी एंव समस्त वैक्सीनेटर उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी डॉ . पूजा गुप्ता ने जनपद के सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे द्वार पर पहुँची टीकाकरण टीमों का पूर्ण सहयोग करें एवं अपने पशुओं का टीकाकरण करायें। भारत सरकार के निदेर्शों के क्रम में टीकाकरण अभियान में टीकाकरण के साथ अपने पशुओं में टैग लगवाकर भारत पशुधन एप पर रजिस्ट्रेशन भी अनिवार्य रूप से करायें।

# गौमाता के जयकारों से गूंजा खाटू श्याम दरबार

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

- गौमाता को राष्ट्र माता घोषित करे केंद्र सरकार
- 27 जुलाई को कलेक्ट्रेट पर डीएम को 11 लाख गौ भक्तों के हस्ताक्षर युक्त देंगे ज्ञापन

गो सम्मान आहवान अभियान के अन्तर्गत भूतेश्वर महादेव स्थित खाटू श्याम दरबार में भारी संख्या में उपस्थित श्याम भक्तों ने गौ माता के जयकारों के साथ गोवध निषेध कानून बनाने और गौमाता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर चल रहे हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर कर समर्थन दिया। गो सम्मान आह्वान अभियान मथुरा प्रभारी आचार्य ब्रजेन्द्र नागर ने कहा गौ माता को वेदों में विश्व की माता कहा गया है भारतीय संस्कृति व सनातन धर्म में गाय को सर्वोपरि माना गया है परंतु दुर्भाग्यवश स्वतंत्रता के बाद देश में जो भी सरकारें बनी उन्होंने गौ माता की उपेक्षा की और गौ हत्या को रोकने में विफल रही उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार से गोवध निषेध कानून बनाने की मांग की।

समाज सेविका डॉ. जमुना शर्मा ने कहा पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सम्पूर्ण पृथ्वी गौमाता पर टिकी हुई है देश के करोड़ों गोभक्तों की आस्था व श्रद्धा गौमाता से जुड़ी हुई है केन्द्र सरकार गौमाता को राष्ट्र माता घोषित करे। संदीप चौधरी ने कहा गाय को सनातन धर्म में वैदिक काल से पूजा जाता रहा है गौदान व गौ पूजन के बिना कोई भी धार्मिक कार्य पूरा नहीं होता।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए गो सम्मान आह्वान अभियान के प्रचार प्रमुख पूर्व पार्षद रामदास चतुर्वेदी ने कहा गौमाता को सम्मान प्राप्त हो और गौमाता की सुरक्षा हो इस मांग को लेकर सम्पूर्ण देश में राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम गो सम्मान आहवान अभियान के अन्तर्गत हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है 27 जुलाई को जिलामुख्यालय पर जिलाधिकारी के माध्यम से ग्यारह लाख हस्ताक्षर सहित ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस अवसर पर भूतेश्वर महादेव मंदिर के महन्त भवानी गिरी महन्त हेमेंद्र गिरी नवीन गिरी ने सभी गोभक्तों से आव्हान करते हुए कहा कि गोरक्षा के अभियान में जुड़कर गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने में अपना सहयोग प्रदान करें और 27 जुलाई को मथुरा जिलाधिकारी कार्यालय पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

इस अवसर पर कृष्णा गुप्ता, गीता शर्मा, पुष्पा रानी,मधु रानी,जगदीश शर्मा, मोहित यादव, दिलीप पारीक, लक्ष्मी नारायण शुभम-शर्मा, भगवान सिंह कुशवाहा, हरीश कुमार शर्मा चेतन शर्मा आदि भारी संख्या में उपस्थित गौभक्तों का विशेष सहयोग रहा।

# राया के श्रीजी धाम में भक्ति भाव के साथ मनेगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**राया।** श्री सर्वेश्वर भक्त मण्डल के तत्वावधान में 29 जुलाई बुधवार को भक्तिभाव के साथ सादाबाद मार्ग स्थित श्रीजी गार्डन पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूम धाम के साथ मनाया जायेगा। जिसमें सभी निम्बार्क भक्तों द्वारा सामूहिक गुरुपूजन भजन कीर्तन का आयोजन किया जायेगा । आरती के उपरांत दोपहर प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। सर्वेश्वर मण्डल के चंद्रप्रकाश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल, ऋषिपाल सिंह,सोनू अग्रवाल ने समस्त निम्बार्क भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

# अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में धरने की तैयारी कर रहे पूर्व एमएलसी अरविंद प्रताप यादव हाउस अरेस्ट

टीएनएफ टुडे, करहल।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की गिरफ्तारी की सूचना के बाद करहल में राजनीतिक माहौल देर रात गरमा गया। विरोध प्रदर्शन की आशंका को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने एहतियातन पूर्व एमएलसी अरविंद प्रताप यादव के आवास पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया। पुलिस ने उन्हें घर से बाहर निकलने से रोकते हुए हाउस अरेस्ट कर लिया।

जानकारी के अनुसार, पूर्व एमएलसी अरविंद प्रताप यादव अपने समर्थकों के साथ थाने पर पहुंचकर धरना-प्रदर्शन करने की तैयारी में थे। इसकी सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन हरकत में आया और देर रात्रि बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उनके आवास पर पहुंच गए। पुलिस की मौजूदगी के बीच उन्हें घर से बाहर नहीं निकलने दिया गया, जिससे समर्थकों में भी नाराजगी देखने को मिली।

हाउस अरेस्ट किए जाने पर पूर्व एमएलसी अरविंद प्रताप यादव ने सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोध दर्ज कराना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दोनों हम सबके हैं, बच्चे भी सबके अपने हैं। बच्चे यदि अपनी मांग रखते हैं तो वह अपने लोगों से ही मांगेंगे। लेकिन सरकार का रवैया ऐसा है मानो कोई राजा बना बैठा हो और जनता की आवाज सुनना ही नहीं चाहता।"

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनभावनाओं को दबाने का प्रयास कर रही है और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। उनका कहना था कि जनता की समस्याओं और युवाओं की मांगों को सुनने के बजाय विरोध करने वालों को रोकने और नजरबंद करने की कार्रवाई की जा रही है, जो लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है।

इस दौरान पूर्व एमएलसी के आवास पर उनके समर्थकों की भीड़ लगी रही। पुलिस और समर्थकों के बीच लगातार बातचीत का दौर चलता रहा। हालांकि स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण बनी रही और किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

इस मौके पर प्रधान प्रदीप पाल, समरपाल यादव, पुष्पेंद्र यादव, पूर्व प्रधान हरगोविंद यादव, सपा नेता पुष्पेंद्र यादव, प्रधान उमेश यादव, पूर्व प्रधान राजवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

### बरनाहल में भाजपा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित

# एमएलसी मानवेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को दिया एकजुटता का मंत्र

टीएनएफ टुडे, बरनाहल/करहल।




नगर पंचायत बरनाहल स्थित नारायण वाटिका मैरिज होम में बुधवार को करहल विधानसभा क्षेत्र के सभी भाजपा बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष ममता राजपूत, अनुजेश प्रताप सिंह यादव और एमएलसी मानवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर तथा पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। विमल पांडे के कुशल संचालन में आयोजित यह कार्यक्रम काफी समय तक चला। सम्मेलन के दौरान उपस्थित बूथ अध्यक्ष संगठनात्मक फार्म भरकर अपनी औपचारिकताएं पूरी करते नजर आए।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एमएलसी मानवेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यकताओं का आह्वान किया कि वे आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुट हों और अभी से संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने के काम में जुट जाएं।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ममता राजपूत, एमएलसी मानवेंद्र प्रताप सिंह, अनुजेश प्रताप सिंह यादव, योगेंद्र गुप्ता, शशि गुप्ता, आयुष बंसल, यतेंद्र कुमार जैन, संजीव कुमार बघेल, राहुल, अनिल दीक्षित, वीरेंद्र शाक्य, रामगोपाल शाक्य, चंद्रपाल सिंह तोमर, भोलू तोमर और महेश तोमर सहित कई प्रमुख पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एक्सप्रेसवे कट पर पुलिस की सघन चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की हुई जांच



टीएनएफ टुडे, करहल।

जनपद में शांति व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं प्रभारी निरीक्षक करहल ने पुलिस बल के साथ थाना करहल क्षेत्र अंतर्गत एक्सप्रेसवे कट पर सघन वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग अभियान चलाया।

अभियान के दौरान पुलिस टीम ने आने-जाने वाले वाहनों की गहन जांच की तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उनकी पहचान का सत्यापन किया। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, आवश्यक दस्तावेज साथ रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बताया कि अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने, अवैध गतिविधियों की रोकथाम तथा आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखने के लिए इस प्रकार के चेकिंग अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। उन्होंने पुलिस कर्मियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश भी दिए।

पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में विश्वास बढ़ा है।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

# तब तब भगवान में धर्म और भक्तों की रक्षा के लिए लिया है अवतार

टीएनएफ टुडे, करहल।



कस्बा करहल के किशनी रोड स्थित बम्बे की पुलिया के समीप आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा के दौरान कथा वाचिका रश्मि शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य जन्म का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए।

कथा वाचिका ने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान अपने भक्तों की रक्षा और धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। उन्होंने कंस के अत्याचार, देवकी-वासुदेव की कारागार में पीड़ा तथा भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और उन्हें गोकुल पहुंचाने की कथा का विस्तार से वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा पंडाल गुंजायमान कर दिया।

रश्मि शास्त्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें सत्य, धर्म, प्रेम और मानवता का संदेश देता है। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में सुख, शांति और सद्भाव स्थापित किया जा सकता है।

कथा के अंत में श्रद्धालुओं ने आरती में भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा आगामी दिनों तक प्रतिदिन धार्मिक प्रवचनों एवं भजन-कीर्तन के साथ जारी रहेगी। श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने की अपील भी की गई।

# जैन भवन नसिया जी में नौ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का हुआ शुभारंभ



टीएनएफ टुडे, करहल।

जैन भवन नसियाजी मंदिर में नौ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम जैन समाज के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। विधान के प्रथम दिन श्री दिगम्बर जैन नेमीनाथ जिनालय से भव्य घटयात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों के साथ निकली यह यात्रा नगर के प्रमुख जैन मंदिरों की परिक्रमा करते हुए पुराना थाना रोड, सदर बाजार, सब्जी मंडी और सुभाष गेट से होकर जैन भवन नसियाजी मंदिर पहुंची। यात्रा में इंद्र, इंद्राणी, अष्टकुमारिया स्वरूपों ने धार्मिक वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इंदौर से पधारे बाल ब्रह्मचारी तरुण भैया ने बताया कि नौ दिवसीय विधान के दौरान सिद्ध भगवान की आराधना कर विश्व शांति, मानव कल्याण और सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से धर्म और संयम के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

जैन भवन पहुंचने के बाद बाल ब्रह्मचारी तरुण भैया के सान्निध्य में धर्म ध्वजारोहण, मंडप शुद्धि, भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर पंकज जैन को सौधर्म इंद्र तथा शुभ जैन को कुबेर इंद्र बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

इस मौके पर अवनीश जैन, दिलीप जैन, आलोक बकेवरिया, अंशुल जैन, शुभ जैन, अमित जैन शास्त्री, मोहित जैन, बसन्त जैन सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी आर. पी. पाण्डेय को भावभीनी विदाई, सम्मान समारोह में उमड़ा स्टाफ

**करहल।** यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी आर. पी. पाण्डेय के सेवानिवृत्त होने पर करहल स्थित यूनिट में भावभीना विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके लंबे एवं उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर 92 करहल के मैनेजर गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में मंजीत परमार, सुरेंद्र चौधरी, रोहित चतुर्वेदी, मुकुल, शिवम सहित समस्त स्टाफ ने आर. पी. पाण्डेय का फूल-मालाओं से स्वागत किया। उन्हें सम्मान स्वरूप पगड़ी पहनाई गई तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके योगदान को यादगार बनाया गया।

सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि आर. पी. पाण्डेय ने अपने कार्यकाल के दौरान पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपनी सेवाएं दीं। उनके अनुशासन, कार्यशैली और सहयोगात्मक व्यवहार से सभी अधिकारी एवं कर्मचारी प्रेरित रहे। उनके अनुभव और मार्गदर्शन का लाभ पूरे स्टाफ को मिलता रहा, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा।

समारोह के अंत में आर. पी. पाण्डेय ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपने सेवाकाल के दौरान सभी का भरपूर सहयोग और स्नेह मिला। उन्होंने सभी से इसी तरह ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करते रहने की अपील की। कार्यक्रम का समापन सभी के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

## पिता को पिटाई से बचाना युवक को पड़ा भारी, कलियुगी बेटों ने कर दी मारपीट

**करहल।** थाना क्षेत्र के गांव रतिभानपुर में एक युवक को बुजुर्ग पिता को उनके ही बेटों की पिटाई से बचाना महंगा पड़ गया। आरोप है कि पिता को बचाने पहुंचे युवक के साथ तीनों आरोपियों ने जमकर मारपीट कर दी। पीड़ित ने करहल थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की, जिस पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

रतिभानपुर निवासी आलोक पुत्र रामलखन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के रहने वाले श्यामवीर, रामवीर और कुँवरपाल अपने पिता के साथ मारपीट कर रहे थे। जब उसने बीच-बचाव करते हुए बुजुर्ग को बचाने का प्रयास किया तो तीनों आरोपियों ने उसके साथ भी गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिससे उसे चोटें आईं।

घटना के बाद पीड़ित करहल थाने पहुंचा और पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर श्यामवीर, रामवीर और कुँवरपाल निवासी रतिभानपुर के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन और विपक्षी नेताओं की नजरबंदी को लेकर करहल में भी राजनीतिक हलचल, लोगों ने रखी अपनी राय

ऋषीकान्त दुबे।

**करहल।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर विभिन्न संगठनों द्वारा किए जा रहे विशाल धरना-प्रदर्शन तथा प्रदर्शनकारी छात्रों पर कथित लाठीचार्ज की घटनाओं को लेकर राजनीतिक माहौल गर्म बना हुआ है। वहीं, विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं और कार्यकताओं को एहतियातन हाउस अरेस्ट किए जाने की खबरों ने भी राजनीतिक चचाओं को तेज कर दिया है। करहल क्षेत्र में भी इस मुद्दे पर लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। किसी ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया, तो किसी ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की कार्रवाई को आवश्यक बताया।



पूर्व सभासद आजम खान | सभासद बब्लू भाई | समाजसेवी दीपेश जैन सुमेरु | समाजसेवी मिर्जा अकील बेग

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। यदि छात्र या अन्य संगठन अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे हैं, तो उनकी बात सुनी जानी चाहिए। वहीं, कुछ लोगों का मानना है कि यदि किसी प्रदर्शन से कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका हो, तो प्रशासन को आवश्यक कदम उठाने का अधिकार भी है।

समाजसेवी दीपेश जैन सुमेरु ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखने का अधिकार सभी को है। यदि छात्रों पर आवश्यकता से अधिक बल प्रयोग हुआ है, तो इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। सरकार को संवाद के माध्यम से समाधान निकालना चाहिए।

पूर्व सभासद आजम खान का कहना है कि देश के युवाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। यदि छात्र अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं, तो सरकार और संबंधित विभागों को उनसे बातचीत करनी चाहिए ताकि स्थिति सामान्य हो सके।

सभासद बब्लू भाई का कहना है कि विपक्षी नेताओं को लगातार हाउस अरेस्ट किए जाने की खबरें लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं। उनका मानना है कि यदि कोई व्यक्ति शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज कराना चाहता है, तो उसे इसका अवसर मिलना चाहिए।

एड अखिलेश यादव आशू ने कहा कि छात्रों की आवाज को दबाने के बजाय उनकी समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए। शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों पर सरकार और छात्रों के बीच सकारात्मक संवाद होना आवश्यक है।

समाजसेवी मिर्जा अकील बेग का मानना है कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में असहमति और विरोध की आवाज को सुनना उतना ही आवश्यक है जितना कानून-व्यवस्था बनाए रखना। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार, प्रशासन और प्रदर्शनकारी पक्ष आपसी संवाद के माध्यम से विवाद का शांतिपूर्ण समाधान निकालेंगे।

# जंतर मंतर की घटना के विरोध में मथुरा में जोरदार प्रदर्शन

**मथुरा।** महात्मा ज्योतिराव फूले विकास समिति एवं अखिल भारतीय समता फाउंडेशन के तत्वाधान में राजेंद्र निमेष एवं ओमपाल सैनी के संयुक्त नेतृत्व में जंतर मंतर पर प्रदर्शनकारियों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में मथुरा में जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कानून को ताक पर रखकर शासन करने वाली सरकार द्वारा निर्दोष बेटियों, युवाओं, महिलाओं पर लाठीचार्ज किया गया। हाथों में केंद्र सरकार की बर्खास्त की मांग को लेकर स्लोगन लिखी पट्टिका एवं काली पट्टी बांधकर मार्च निकालकर जिलाधिकारी कार्यालय तक आक्रोश व्यक्त कर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान रमेश सैनी एवं एडवोकेट अरविंद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि संविधान, रोजगार, छात्र, महिला, युवा विरोधी, देश की बबार्दी के लिए जिम्मेदार भाजपा की मोदी सरकार को बर्खास्त किए जाने की एवं लाठीचार्ज करने वाले जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सरकार विरोधी नारे लगाते हुए केंद्र सरकार की बर्खास्त की मांग की गई है। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने काली पट्टी बांधकर हाथों में सरकार विरोधी स्लोगन लिखी पट्टिका लेकर राजकीय छात्रावास से जिला अधिकारी कार्यालय तक मार्च निकाला। अपर जिलाधिकारी प्रशासन वेद प्रिय आर्य को खुला मांग पत्र सौंप कर कार्यवाही की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान नरेश चौधरी, एड. अरविंद कुमार सिंह, एड. अजय सनवाल, राजेश कुमार, नरेश सर,हरेंद्र कुमार, संजय बीडीसी, उर्मिला देवी,ओमपाल सैनी, संतोष सैनी,कृष्ण सैनी, इरशाद कुरैशी, डॉ अरुण कुमार, संदेश केन,एड.गावस्कर, मुकेश सैनी, सागर सिंह, सोनू हरसाना, विजेंद्र सिंह बौद्ध,सी बी बिकल, आशीष, राजगब्बर, कृष्ण कुमार,अदिति सनवाल अंशिका, प्रताप कुमार, पल्लवी, तनिशा, पूजा, वंदना राही, बिसंबर दयाल, विजेंद्र सिंह बौद्ध दिल्ली, जितेंद्र कुमार, हरेंद्र कुमार, हिमांशु कुमार, राहुल कुमार, मनोज कुमार आदि।

# करहल में बम्बे की सफाई को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी, पोकलेन मशीन से कार्य कराने की मांग

टीएनएफ टुडे, करहल।

करहल क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे से जैन इंटर कॉलेज के पास स्थित बम्बे तक नहर/बम्बे की सफाई का कार्य इन दिनों कराया जा रहा है। हालांकि, सफाई कार्य को लेकर ग्रामीणों और किसानों में असंतोष देखने को मिल रहा है। उनका आरोप है कि सफाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है और कार्य अपेक्षित गुणवत्ता के अनुरूप नहीं हो रहा।

ग्रामीणों का कहना है कि बम्बे की प्रभावी सफाई के लिए जेसीबी की बजाय पोकलेन मशीन का उपयोग किया जाना चाहिए, जिससे गाद और झाड़ियां पूरी तरह हट सकें तथा पानी का प्रवाह सुचारु हो सके। उनका आरोप है कि वर्तमान में हो रहा कार्य केवल लीपापोती तक सीमित है, जिससे भविष्य में जल निकासी की समस्या बनी रह सकती है।

कुछ किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि सफाई कार्य कराने वाले ठेकेदार का संबंध एक अध्यापक से है और उसकी पत्नी के नाम से फर्म संचालित की जा रही है। किसानों ने पूरे मामले में अनियमितता की आशंका जताते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है तथा कार्य की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।




वहीं, सिंचाई विभाग के जेई नवीन कुमार ने ग्रामीणों के आरोपों पर कहा कि वर्तमान में केवल मेंटिनेंस कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेस-वे से जैन इंटर कॉलेज तक बम्बे की सफाई कर पानी को आगे टेल तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जहां-जहां पानी की समस्या सामने आ रही है, वहां उसका समाधान किया जा रहा है ताकि किसानों को सिंचाई में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

फिलहाल, सफाई कार्य को लेकर ग्रामीणों और विभाग के बीच अलग-अलग दावे सामने आने से मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। किसानों का कहना है कि यदि कार्य की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग करेंगे।

इस दौरान रामकिशोर यादव, रिंकू लोधी, सर्वेश शाक्य, महाराज सिंह दिवाकर, सुरेंद्र कुमार, दोषपाल यादव, सुनील दुबे समेत आदि तमाम लोग रहे मौजूद।

# योजना का शत फीसद कराया जाए क्रियान्वन, पत्रों को मिले लाभ

**सीडीओ ने पीएम सूर्यघर योजना के क्रियान्वयन की बैठकर की समीक्षा**




टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक हुई सीडीओ ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को योजना के सफल क्रियान्वन के निर्देश दिए साथ ही प्रशासनिक स्तर पर हर संभव सहयोग का भरोसा दिया।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने सभी संबंधित विभागों बैंकों तथा विद्युत विभाग को योजना के सफल क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित सभी वेंडर्स ने भी अपने-अपने निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

- अधिकारियों और बैंकों, विद्युत विभाग को दिए दिशा निर्देश

मुख्य विकास अधिकारी ने क्षेत्र की जनता से भी अपील करते हुए कहा कि वे पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर इसका लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि योजना से जुड़ने पर लाभार्थी परिवार का ह्लबिजली बिल शून्यह्व हो सकता है, तथा अतिरिक्त उत्पादित बिजली को विद्युत वितरण कंपनी को बेचकर परिवार ह्लअतिरिक्त आयह्व भी अर्जित कर सकता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सरकार द्वारा 3 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट पर अधिकतम 1,08,000 तक की अनुदान राशि दी जा रही है।

मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी कहा कि सोलर ऊर्जा जैसे स्वच्छ ऊर्जा स्रोत को अपनाकर आमजन न केवल आर्थिक रूप से लाभान्वित होंगे, बल्कि पर्यावरण को स्वच्छ एवं प्रदूषण-मुक्त रखने में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे। उन्होंने जनता से अपील की कि वे इस योजना से जुड़कर स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

## एसएसपी ने खैर, अतरौली, छर्रा और बरला सीओ के कार्यक्षेत्र बदले

**अलीगढ़।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) नीरज कुमार जादौन ने क्षेत्राधिकारियों (सीओ) के कार्यक्षेत्र में बड़ा फेरबदल किया है। 22 जुलाई 2026 को जारी आदेश के अनुसार, पांच पुलिस उपाधीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं, जबकि एक अधिकारी को स्वास्थ्य कारणों से जिला मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। पुलिस प्रशासन ने इसे बेहतर निगरानी, अपराध नियंत्रण और जनसुनवाई व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

आदेश के तहत, क्षेत्राधिकारी अतरौली रहे अभिषेक कुमार पटेल को अब खैर सर्किल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके अधीन थाना खैर, टप्पल और पिसावा क्षेत्र रहेंगे। वहीं, छर्रा के क्षेत्राधिकारी अनिवेश कुमार सिंह को अतरौली भेजा गया है। वे अतरौली, हरदुआगंज और गोधा थानों की निगरानी करेंगे।

बरला सर्किल में तैनात गर्वित सिंह को छर्रा क्षेत्राधिकारी बनाया गया है। उनके कार्यक्षेत्र में छर्रा, दादों, पालीमुकीमपुर और गंगीरी थाने शामिल रहेंगे।

# प्रधान मंत्री मातृ वरना योजना की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, हाथरस।



कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक करते हुए जिलाधिकारी अतुल वत्स ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी ढंग से कार्य करने तथा पोषण ट्रैकर ऐप पर शत-प्रतिशत एवं गुणवत्तापूर्ण फीडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र गर्भवती महिला तक समयबद्ध रूप से पहुंचना चाहिए। उन्होंने प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र के लिए प्रतिमाह गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए, ताकि प्रथम तिमाही में ही गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कर उन्हें योजना से आच्छादित किया जा सके। उन्होंने समस्त सीडीपीओ को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी कार्यकताओं द्वारा की गई कार्यवाही का नियमित सत्यापन कराया जाए। आशा कार्यकत्रियां गर्भावस्था की शुरूआत से ही महिलाओं की पहचान कर उनका पोषण ट्रैकर पर पंजीकरण सुनिश्चित करें। एएनएम के साथ समन्वय स्थापित करते हुए एनसीडी तिथि, टीकाकरण, आरसीएच नंबर सहित सभी आवश्यक विवरणों की सटीक डेटा ट्रैकिंग की जाए।

जिलाधिकारी ने पोषण ट्रैकर एवं आरसीएच पोर्टल के आंकड़ों का नियमित मिलान कर डेटा की शुद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट किया जाए कि पोषण ट्रैकर पर पंजीकृत महिलाओं में से कितनी महिलाओं की पहचान प्रथम तिमाही में की गई है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को पोर्टल का डेटा समय-समय पर मिलान कर त्रुटिरहित अभिलेख तैयार करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के भुगतान में किसी प्रकार की देरी न होने के निर्देश देते हुए कहा कि पात्र महिलाओं को समय पर भुगतान होना अत्यंत आवश्यक है। भुगतान में विलंब होने से लाभार्थियों की योजना के प्रति रुचि प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सीडीपीओ एक ग्राम पंचायत का चयन कर आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं के आंकड़ों का मिलान कर सत्यापन सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने योजना की खराब प्रगति एवं कार्यों में रुचि न लेने वाली आंगनबाड़ी कार्यकताओं के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि कार्य में निरंतर लापरवाही बरतने वाली आंगनबाड़ी कार्यकताओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उन्हें सेवा से पृथक किए जाने की संस्तुति की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने कार्यक्षेत्र के समस्त पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन कर उनका पंजीकरण इसी माह के अंत तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी पात्र महिला प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभ से वंचित न रहे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, समस्त सीडीपीओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जर्जर दीवाल गिरी, मलवे में दबकर किशोर की मौत



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

सहावर थाना के गांव कोटरा में घर के बाहर चारपाई पर सो रहे किशोर पर जर्जर दीवाल गिर पड़ी मलवे में दबकर किशोर की मौत हो गई, सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने पंचनामे की कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्ड के लिए भेजा है।

गांव कोटला निवासी किशोरी का 17वर्षीय पुत्र मुकेश घर के बाहर चारपाई सोया हुआ था, तभी अचानक पड़ोसी बबलू के मकान की जर्जर दीवाल भरभरा के गिर पड़ी दीवाल गिरने की आवाज सुन परिजन और आस पास के लोग घटना स्थल की और दौड़े मुकेश को मलबे में दवा देख ग्रामीण तत्परता से मलवा हटाने में जुटे जब तक मलवा हटा सके तबतक मुकेश की मौत हो चुकी थी किशोर की मौत से परिवार में कोहरा मच गया, गांव ने शोक की लहर दौड़ गई जिसने भी सुना किशोरी के घर की और दौड़ पड़ा। ग्रामीणों ने सूचना थाना पुलिस को दी जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पंचनामे की कार्रवाई के बाद अंत्यपरीक्षण के लिए भेजा है। समाचार लिखे जाने तक मामले में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है।

- मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल, गांव में शोक का माहौल
- पुलिस ने शव पंचनामा के बाद पोस्टमार्ड को भेजा

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष को पुलिस ने घर में ही किया नजर बंद

**दिल्ली प्रदर्शन में शामिल होने के लिए जाने की कर रहे थे तैयारी**

- भनक लगते ही पुलिस ने शांति व्यवस्था के दृष्टगत की कार्रवाई

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



दिल्ली में जंतर मंतर पर प्रदर्शन प्रदर्शन के दौरान काग्रेस नेताओं के साथ हुई अमानवीयता के विरोध में प्रदर्शन में शामिल होने के लिए जा रहे कांग्रेस जिला अध्यक्ष को पुलिस नए घर में ही नजर बंद किया।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनोज पांडे दिल्ली प्रदर्शन ने भाग लेने के लिए कार्यकताओं के साथ जाने की तैयारी कर रहे थे इसकी भनक पुलिस प्रशासन को लग गई आनन फानन में कोतवाली पुलिस उनके रेलवे रोड स्थित आवास पर पहुंच गई और उन्हें दिल्ली जाने सी रोक दिया। जिला अध्यक्ष मनोज पांडे ने इस कार्यवाही की दमनात्मक कार्रवाई बताया है उन्होंने कहा है कि भाजपा की सरकार हर मोर्चे पर विफल है, जनतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहे विद्यार्थियों और विपक्ष को दावया जा रहा जनतंत्र की हत्या की जा रही है। उन्होंने कहा है कि भाजपा सरकार संविधान की धज्जियां उड़ा रही है। अब भाजपा का अंतिम समय आ गया है। पुलिस की इस कार्यवाही से कांग्रेस कार्यकताओं में आक्रोश है। वहीं पुलिस का कहना है कानून व्यवस्था के दृष्टिगत कार्रवाई की गई।

## 31 जुलाई के बाद नहीं मिलेगी कोई मोहलत

**एटा।** जनपद एटा में बीज व्यवसाय को पूरी तरह पारदर्शी, डिजिटल, जवाबदेह बनाने को कृषि विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। जिला कृषि अधिकारी ने सभी बीज अनुज्ञप्तिधारकों, जिनमें डिस्ट्रीब्यूटर, डीलर एवं अन्य बीज व्यवसायी शामिल हैं, को 31 जुलाई 2026 तक अनिवार्य रूप से (साथी) पोर्टल पर ऑनबोर्ड होने के निर्देश जारी किए हैं। निर्धारित समयसीमा का पालन न करने वाले बीज विक्रेताओं का लाइसेंस बिना किसी पूर्व सूचना के तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा।

कृषि विभाग के अनुसार यह व्यवस्था उत्तर प्रदेश शासन एवं कृषि निदेशालय के निदेर्शों के क्रम में लागू की जा रही है। इसका उद्देश्य बीजों की खरीद-बिक्री की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल बनाना, बीजों की ट्रेसिबिलिटी सुनिश्चित करना तथा किसानों तक गुणवत्तापूर्ण और प्रमाणित बीजों की उपलब्धता को मजबूत करना है।

# जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

डीएम ज अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति )की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के साथ उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित लखपति महिला कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विभिन्न विभागों के साथ अभिसरण की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि जनपद कासगंज में 7,112 लखपति महिलाओं के सृजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी वीरेन्द्र सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागों की योजनाओं में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित करना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें स्थायी आजीविका के अवसर प्राप्त हों, उनकी आय में वृद्धि हो तथा महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जा सके।

- समूह महिलाओं को लाभान्वित करना पर दिया जोर
- डीएम ने सभी विभागों अधिकारियों को दिए निर्देश

उपायुक्त स्वतः रोजगार ने लखपति महिला कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करते हुए विभिन्न विभागों के साथ अब तक हुए अभिसरण की प्रगति से अवगत कराया। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ किए जा रहे अभिसरण की जानकारी प्रस्तुत की।

समीक्षा के उपरांत जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय योजनाओं का प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा अधिक से अधिक स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को योजनाओं से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी, उपायुक्त स्वतः रोजगार, जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त श्रम रोजगार, जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस), जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, उप कृषि निदेशक, जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, सहायक श्रम आयुक्त, जिला समन्वयक कौशल विकास, निदेशक आरसेटी, भूमि संरक्षण अधिकारी, प्रभारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, सहायक निबंधक सहकारिता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक तथा समस्त जिला मिशन प्रबंधक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित

# हाथरस जिले कीसादाबाद में सपा का प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम नायक तहसीलदार अश्विनी वैष्णवी को सौंपा गया ज्ञापन

- अखिलेश यादव पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, हाथरस।



सादाबाद तहसील में मंगलवार को समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन नायक तहसीलदार अश्वनी वैष्णवी को सौंपा।

पार्टी कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि दिल्ली में पीडीए महापंचायत से जुड़े घटनाक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और पार्टी कार्यकताओं के साथ हुई पुलिस कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। इसी के विरोध में सादाबाद तहसील परिसर में प्रदर्शन किया गया।

**राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन**

प्रदर्शन के बाद समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार वैष्णवी शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में संबंधित घटनाक्रम की जांच कराने और उचित कार्रवाई की मांग की गई।

**कार्यकताओं ने लगाए नारे**

प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने नारेबाजी की और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा की मांग उठाई। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और समर्थक मौजूद रहे।

**प्रशासन ने लिया ज्ञापन**

तहसील प्रशासन ने ज्ञापन प्राप्त कर उसे नियमानुसार आगे भेजने की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही। समाचार लिखे जाने तक प्रशासन की ओर से ज्ञापन की मांगों पर कोई विस्तृत आधिकारिक प्रतिक्रिया जारी नहीं की गई थी।

# पवित्र श्रावण मास की कांवड़ यात्रा की तैयारियों में जुटा प्रशासन

**जिलाधिकारी ने विभागवार जिम्मेदारियां तय कर दिए स्पष्ट निर्देश**

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

प्रतिवर्ष पवित्र श्रावण मास में आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अरविन्द सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक निर्माण, विद्युत, स्वास्थ्य, परिवहन, आबकारी, नगर निकाय, पुलिस सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा जनआस्था का महापर्व है। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करें तथा तत्काल प्रभाव से तैयारियां प्रारंभ कर दें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी वरिष्ठ अधिकारी निरंतर भ्रमणशील रहकर कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण करें, रूट मैप तैयार करें तथा अपने विभाग से संबंधित व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराएं।

- विद्युत-सड़क, चिकित्सा-पेयजल, स्वच्छता व यातायात व्यवस्थाएं हों दुरुस्त
- कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता: डीएम

जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि यात्रा मार्ग पर स्थित सभी विद्युत पोलों पर सुरक्षा की दृष्टि से पॉलिथीन रैपिंग कराई जाए। खुले ट्रांसफार्मरों के चारों ओर मजबूत बैरिकेडिंग कर उन्हें प्लास्टिक शीट से सुरक्षित किया जाए तथा जहां भी विद्युत तार निर्धारित ऊंचाई से नीचे हैं, उन्हें तत्काल मानक ऊंचाई तक ठीक कराया जाए, जिससे किसी भी प्रकार की विद्युत दुर्घटना की संभावना न रहे, यात्रा के दौरान संबंधित क्षेत्र के जेई, लाइनमैन एवं अन्य स्टाफ को व्यवस्थाओं के निरंतर पर्यवेक्षण के लिए तैनात किया जाए।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि कांवड़ मार्गों के किनारे उगी झाड़ियों की सफाई कराई जाए तथा सभी गड्ढों को तत्काल भरवाकर मार्ग को सुगम बनाया जाए। साथ ही यात्रा मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां आवश्यक हो, वहां जनसहयोग एवं ग्रामवासियों के सहयोग से भी प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ कराई जाए।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रमुख स्थानों पर मेडिकल कैंप स्थापित किए जाएं, जिनमें आवश्यक दवाएं, प्राथमिक उपचार की सभी सुविधाएं उपलब्ध रहें, एंटी स्नेक सीरम भी मेडिकल कैंप में उपलब्ध रहे,साथ ही समुचित दूरी पर एंबुलेंस एवं चिकित्सकीय टीमों की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) को सभी विभागों को उनके दायित्वों के संबंध में विस्तृत निर्देश जारी करने के निर्देश दिए। नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को यात्रा मार्ग पर विशेष साफ-सफाई, मोबाइल शौचालय, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने यातायात एवं पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि प्रभावी ट्रैफिक प्लान तैयार करते हुए आवश्यकतानुसार रूट डायवर्जन लागू किया जाए, जिससे कांवड़ यात्रा के दौरान किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो तथा सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रहे।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि कांवड़ यात्रा से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण हों तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी विभाग समन्वय स्थापित कर श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराने के लिए पूरी गंभीरता से कार्य करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) संगम लाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, उप संभागीय परिवहन अधिकारी शिवम कुमार, एक्सईएन लोक निर्माण विभाग आदर्श वर्मा, अधीक्षण अभियंता विद्युत सुभाष चंद्र, जिला पूर्ति अधिकारी कमलेश गुप्ता, जिला आबकारी अधिकारी अनूप कुमार सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ब्लॉक स्तर पर रोजगार मेलों का आयोजन, एसआईएस ग्रुप करेगा 450 पदों पर भर्ती

**रोजगार संगम एवं एनसीएस पोर्टलः पंजीकरण कर अभ्यर्थी लें रोजगार मेले का लाभः जिला सेवायोजन अधिकारी**

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

जिला सेवायोजन कार्यालय, एटा एवं मैसर्स सिक्योरिटी स्किल काउन्सिल इंडिया लिमिटेड (एसआईएस ग्रुप एंटरप्राइज) के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के विभिन्न विकास खण्डों में ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। इन रोजगार मेलों में एसआईएस ग्रुप द्वारा सुरक्षा जवान के 400 तथा सुपरवाइजर के 50 पदों सहित कुल 450 पदों पर योग्य पुरुष अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर चयन किया जाएगा।

जिला सेवायोजन अधिकारी विपिन कुमार यादव ने बताया कि सुरक्षा जवान पद के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम लंबाई 167.5 सेमी, वजन 56 से 90 किलोग्राम, आयु 19 से 40 वर्ष तथा शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण अथवा अनुत्तीर्ण निर्धारित की गई है। वहीं सुपरवाइजर पद हेतु न्यूनतम लंबाई 170 सेमी, वजन 56 से 90 किलोग्राम, आयु 21 से 40 वर्ष तथा शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

चयनित अभ्यर्थियों को प्रारंभिक वेतनमान 14,000 से 30,000 प्रतिमाह प्रदान किया जाएगा। भर्ती के दौरान चयनित अभ्यर्थियों को 350 का पंजीकरण शुल्क ऑनलाइन माध्यम से जमा करना होगा।

उन्होंने बताया कि रोजगार मेलों का आयोजन 22 जुलाई को खण्ड विकास कार्यालय निधौलीकलां, 23 जुलाई को खण्ड विकास कार्यालय अवागढ़, 24 जुलाई को खण्ड विकास कार्यालय जैथरा, 25 जुलाई को खण्ड विकास कार्यालय जलेसर, 27 जुलाई को खण्ड विकास कार्यालय मारहरा तथा 28 जुलाई को खण्ड विकास कार्यालय अलीगंज में किया जाएगा।

जिला सेवायोजन अधिकारी ने जनपद के बेरोजगार युवाओं से अपील की है कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने से पूर्व अपना पंजीकरण रोजगार संगम पोर्टल एवं राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल पर अनिवार्य रूप से कर लें तथा अपनी शैक्षिक योग्यता, आयु एवं वर्ग के अनुसार पोर्टल पर प्रदर्शित संबंधित कंपनी में ऑनलाइन आवेदन भी अवश्य करें।

उन्होंने कहा कि पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं स्थान पर अपने शैक्षिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट आकार के फोटो एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ समय से उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ उठाएं।

## एएमयू के डॉक्टरों का पेपर लीक के खिलाफ मार्च मेडिकल कॉलेज से ट्रॉमा

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज (जेएनएमसीएच) के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) ने पेपर लीक मामलों के विरोध में मंगलवार को शांतिपूर्ण मार्च निकाला। रेजिडेंट डॉक्टर मेडिकल कॉलेज परिसर से ट्रॉमा सेंटर तक पहुंचे और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।

डॉक्टरों का कहना था कि बार-बार हो रहे पेपर लीक से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। इससे सरकारी संस्थाओं की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी, जवाबदेह और निष्पक्ष बनाने की मांग की। आरडीए ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस बल प्रयोग को लेकर भी चिंता जताई। डॉक्टरों ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अनावश्यक बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने सरकार से छात्रों के संवैधानिक अधिकारों का सम्मान करने और उनकी समस्याओं का समाधान संवाद के जरिए करने की अपील की। रेजिडेंट डॉक्टरों ने पेपर लीक और उससे जुड़े भ्रष्टाचार के मामलों में निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की।

# क्या इंग्लैंड की हार भूलकर नई शुरूआत कर पाएगी टीम इंडिया?

## कप्तान अय्यर ने किया रणनीति का खुलासा, खिलाड़ियों से की बेखौफ क्रिकेट खेलने की अपील

एजेंसी, हरारे।

इंग्लैंड दौरे पर निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय टी20 टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने खिलाड़ियों से बेखौफ क्रिकेट खेलने की अपील की है। उन्होंने कहा कि असफलता का डर टीम में किसी के लिए भी जगह नहीं रखता। हालिया हार ने टीम को कमजोर नहीं, बल्कि पहले से अधिक एकजुट बनाया है। भारत और जिम्बाब्वे के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मुकाबला बुधवार को खेला जाएगा।

### इंग्लैंड दौरे से मिली सीख

मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अय्यर ने कहा कि इंग्लैंड और आयरलैंड दौरा टीम के लिए चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन उससे कई सकारात्मक बातें भी सीखने को मिलीं। उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड में हमारा समय अच्छा नहीं रहा, लेकिन वहां से हमने सीखा कि आगे बढ़ने के लिए टीम के रूप में क्या सुधार करना है। मैदान पर बेहतर सोच, परिस्थितियों के



अनुसार खुद को ढालने की क्षमता और जागरूकता बेहद जरूरी है।' यह दौरा बतौर कप्तान अय्यर का पहला विदेशी असाइनमेंट भी था।

### 'असफलता का डर खिलाड़ियों को रोकता है'

श्रेयस अय्यर ने युवा खिलाड़ियों को सलाह देते हुए कहा कि उन्हें बाहरी आलोचनाओं की परवाह किए बिना आत्मविश्वास के साथ खेलना चाहिए। उन्होंने कहा, 'अगर मन में असफलता का डर रहेगा तो खिलाड़ी खुद को बचाने के लिए खेलेंगे। जब डर नहीं होगा तभी आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाएंगे। हमें बाहर लोग क्या कह रहे हैं, इस पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। हमें वर्तमान में रहकर टीम के रूप में अच्छा क्रिकेट खेलना है।'

### कम तैयारी के बावजूद चुनौती के लिए तैयार

भारतीय टीम इंग्लैंड से सीधे जिम्बाब्वे पहुंची है और उसके पास सिर्फ एक अभ्यास सत्र का समय मिला। इस पर अय्यर ने कहा, 'यह निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण है। हम कल यहां पहुंचे, आज अभ्यास किया और कल मैच है। लेकिन ऐसी परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने का अलग ही संतोष होता है।'

### हार ने टीम को और मजबूत बनाया

अय्यर का मानना है कि लगातार विदेशी दौरों ने खिलाड़ियों को काफी अनुभव दिया है। उन्होंने कहा, 'भले ही नतीजे हमारे पक्ष में नहीं रहे, लेकिन इससे टीम पहले से ज्यादा करीब आई है। हम लगातार चर्चा कर रहे हैं कि आगे एक इकाई के रूप में किस तरह खेलना है। चुनौतीपूर्ण दौर से जितनी जल्दी बाहर निकलेंगे, टीम उतनी मजबूत बनेगी।'

### जिम्बाब्वे को हल्के में नहीं लिया

भारतीय कप्तान ने मेजबान जिम्बाब्वे की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें आईपीएल का अनुभव है और वे मुकाबले को कठिन बना सकते हैं।

### वैभव सूर्यवंशी पर जताया भरोसा

15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के इंग्लैंड दौरे पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाने पर अय्यर ने भरोसा जताया। उन्होंने कहा, 'सभी युवा खिलाड़ियों ने अभ्यास किया है। टी20 सीरीज के बाद उन्हें अच्छा समय मिला। वैभव ने भी अपनी गलतियों पर काम किया होगा, इसलिए मुझे उन्हें ज्यादा सलाह देने की जरूरत नहीं है।'

## हश्मतुल्लाह शाहिदी ने छोड़ी कप्तानी

**काबुल।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने बुधवार को बड़ा फैसला लेते हुए अनुभवी मध्यक्रम बल्लेबाज रहमत शाह को राष्ट्रीय टीम का नया टेस्ट और वनडे कप्तान नियुक्त किया है। उन्होंने हश्मतुल्लाह शाहिदी की जगह ली है, जिन्होंने कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है। रहमत शाह वर्ष 2021 से टेस्ट और वनडे दोनों प्रारूपों में टीम के उपकप्तान की भूमिका निभा रहे थे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भरोसा जताया कि उनका अनुभव, नेतृत्व क्षमता और टीम की गहरी समझ अफगानिस्तान क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद करेगी। बोर्ड ने यह भी घोषणा की कि विकेटकीपर-बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को टेस्ट और वनडे टीम का नया उपकप्तान बनाया गया है। दोनों खिलाड़ी आयरलैंड के खिलाफ आगामी सीरीज से अपनी नई जिम्मेदारियां संभालेंगे। हश्मतुल्लाह शाहिदी को मई 2021 में अफगानिस्तान का कप्तान बनाया गया था और जनवरी 2022 में उन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज जीत के साथ अपने कार्यकाल की शुरूआत की थी। उनकी कप्तानी में अफगानिस्तान ने 55 वनडे मैचों में 27 जीत दर्ज की। वर्ष 2023 के वनडे विश्व कप में टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका और नीदरलैंड जैसी टीमों को हराया और अंक तालिका में छठा स्थान हासिल किया। विश्व कप 2023 के प्रदर्शन के दम पर अफगानिस्तान ने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालिफाई किया। इस टूर्नामेंट में अपने ऐतिहासिक टेस्ट के दौरान शाहिदी की कप्तानी में टीम ने इंग्लैंड को हराकर पांचवें स्थान पर अभियान समाप्त किया।

# चाइना ओपन: उन्नति को हराकर सिंधू दूसरे दौर में, आयुष शेट्टी ने दुनिया के 11वें नंबर खिलाड़ी को किया बाहर

एजेंसी, नई दिल्ली।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने जापान ओपन में खिताब जीतने के बाद अपने शानदार फॉर्म को बरकरार रखते हुए चीन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। वहीं युवा भारतीय शटलर आयुष शेट्टी ने इंडोनेशिया के विश्व नंबर-11 अल्वी फरहान को हराकर बड़ा उलटफेर किया और प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।

### सिंधू ने उन्नति से लिया पिछले साल की हार का बदला

सिंधू ने पहले दौर में भारत की ही 18 वर्षीय उन्नति हुड्डा को तीन गेम तक चले मुकाबले में 21-14, 9-21, 21-10 से हराया। 56 मिनट तक चले इस मुकाबले में सिंधू ने पहला गेम आसानी से जीता, लेकिन दूसरे गेम में उन्नति ने शानदार वापसी करते हुए मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। निर्णायक गेम में सिंधू ने अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाया और एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की। इस जीत के साथ सिंधू ने पिछले साल इसी टूर्नामेंट में उन्नति के हाथों मिली हार का हिसाब भी बराबर कर लिया।



### अब होगी चेन यूफेई से टक्कर


दूसरे दौर में सिंधू का सामना चीन की चौथी वरीयता प्राप्त और पूर्व ओलंपिक चैंपियन चेन यूफेई से होगा। दिलचस्प बात यह है कि सिंधू ने पिछले सप्ताह जापान ओपन के दौरान चेन यूफेई को हराया था, जिससे उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ है।

### आयुष शेट्टी ने किया बड़ा उलटफेर


पुरुष एकल में भारत के युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने इंडोनेशिया के विश्व नंबर-11 और पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन अल्वी फरहान को 21-17, 5-21, 21-17 से हराकर अंतिम-16 में जगह बनाई। आयुष ने पहला गेम शानदार खेलते हुए अपने नाम किया, लेकिन दूसरे गेम में फरहान ने दबदबा बनाकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। निर्णायक गेम में भारतीय खिलाड़ी ने संयमित प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। यह जीत आयुष के लिए खास रही क्योंकि 2023 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में उन्हें फरहान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

### युगल स्पर्धाओं में निराशा

- हालांकि, युगल मुकाबलों में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा।
- मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गड्डे की जोड़ी को शीर्ष वरीय यान झे फेंग और हुआंग डोंग पिंग ने सीधे गेमों में हराया।
- ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की जोड़ी भी चीन के शिन वा गुओ और फांग हुई चेन से हारकर बाहर हो गई।
- पुरुष युगल में एम.आर. अर्जुन और हरिहरन अम्मसाकरुणन को चौथी वरीयता प्राप्त वेई केंग लियांग और चांग वांग ने शिकस्त दी।



# मनोरंजन



## राम गोपाल वर्मा की तारीफ पर गदगद हुई यामी, कहा- 'सफर ही सबसे बड़ा शिक्षक रहा'

अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों 'आर्टिकल 370' से मिले राष्ट्रीय पुरस्कार को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। अभिनेत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया के जरिए मनोरंजन जगत में बिताए लंबे सफर को सबसे बड़ा शिक्षक बताया। दरअसल, यामी की इस जीत पर निर्देशक राम गोपाल वर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते हुए बधाई दी थी, जिस पर यामी ने खुशी जाहिर करते हुए उनका धन्यवाद किया। अभिनेत्री ने अपने सफर को याद करते हुए टेलीविजन की दुनिया को 'सबसे बड़ा टीचर' बताया। अभिनेत्री ने लिखा, "बहुत-बहुत धन्यवाद, सर। आपके शब्द मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं। यह सफर सच में मेरे लिए सबसे बड़ा शिक्षक रहा है और आपके प्रोत्साहन व सहयोग के लिए मैं दिल से आभारी हूं। आगे भी सीखते, आगे बढ़ते और अपने काम के प्रति ईमानदार बने रहने की कोशिश जारी रहेगी।"

अभिनेत्री यामी गौतम ने टेलीविजन इंडस्ट्री से अपने करियर की शुरूआत कर खुद को हिंदी सिनेमा की सफल अभिनेत्री के रूप में स्थापित किया।

बता दें कि 'आर्टिकल 370' 2024 में रिलीज हुई एक राजनीतिक एक्शन-थ्रिलर फिल्म थी। यह फिल्म जम्मू-कश्मीर को संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत प्राप्त विशेष दर्जे को निरस्त करने और राज्य से आतंकवाद के खात्मे की ऐतिहासिक और राजनीतिक पृष्ठभूमि पर आधारित है।

फिल्म में अभिनेत्री यामी गौतम ने 'जूनी हक्सर' नामक एक खुफिया (इंटेलिजेंस) अधिकारी की भूमिका अदा की थी और प्रियमणि ने पीएमओ सचिव 'राजेश्वरी स्वामीनाथन' की मुख्य भूमिका निभाई थी। इनके अलावा अरुण गोविल (प्रधानमंत्री) और किरण करमाकर (गृह मंत्री) के किरदार में नजर आए थे।

इसका निर्देशन आदित्य सुहास जाम्भले ने किया था। इसकी पटकथा 2016 की कश्मीर अशांति और अनुच्छेद 370 को हटाने के गुप्त मिशन के इर्द-गिर्द घूमती है। सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन के बाद, यह फिल्म जी5 और नेटफ्लिक्स पर भी उपलब्ध है।

फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत सफल रही थी। फिल्म ने 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 'सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म' का पुरस्कार जीता और यामी गौतम को 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री' का पुरस्कार मिला।



## महिलाओं का सम्मान उनके कपड़ों से नहीं, उनकी पहचान से होना चाहिए : निधि शेट्टी

टीवी शो 'अनुपमा' में प्रेरणा के किरदार में अपनी अलग पहचान बना रहीं अभिनेत्री निधि शेट्टी इन दिनों शो के मौजूदा ट्रैक को लेकर चर्चा में हैं। निधि का मानना है कि 'अनुपमा' सिर्फ मनोरंजन नहीं करता, बल्कि समाज में मौजूद कई ऐसी सोच पर भी सवाल उठाता है, जिनका सामना आज भी महिलाएं अपने रोजमर्रा के जीवन में करती हैं। निधि शेट्टी ने कहा, "अनुपमा दर्शकों के दिलों तक इसलिए पहुंचता है क्योंकि इसकी कहानी काल्पनिक कम और वास्तविक जीवन के ज्यादा करीब होती है। शो में दिखाई जाने वाली परिस्थितियां वही हैं, जिनका सामना आज भी देश के कई परिवारों में महिलाएं करती हैं। प्रेरणा के किरदार के जरिए ऐसे मुद्दों को सामने लाया जा रहा है, जिन पर समाज में खुलकर बात होना जरूरी है।"

उन्होंने आगे कहा, "अगर इस शो को देखने के बाद कुछ लोग भी अपनी सोच बदलने की कोशिश करें या महिलाओं को लेकर बने पुराने नजरिए पर दोबारा विचार करें, तो यह हमारे लिए सबसे बड़ी सफलता होगी। एक कलाकार के तौर पर ऐसी कहानी का हिस्सा बनना हमेशा खुशी देता है, जो सिर्फ मनोरंजन न करे, बल्कि समाज को सोचने पर भी मजबूर करे।"

शो के हालिया एपिसोड में प्रेरणा एक सीन में परिवार के सामने अपनी बात मजबूती से रखती है। इस बारे में बात करते हुए निधि ने कहा, "मैंने इस सीन में गुस्से से ज्यादा प्रेरणा की भावनाओं पर ध्यान दिया। वह अपने कपड़ों के लिए नहीं लड़ रही है, बल्कि इसलिए आवाज उठा रही है, क्योंकि वह बार-बार अपनी निजी पसंद को लेकर जज किए जाने से थक चुकी है। उसे सबसे ज्यादा इस दोहरे मापदंड ने तकलीफ पहुंचाई कि जो बातें एक बेटी के लिए सामान्य मानी जाती हैं, वही बहू के लिए सवाल बन जाती हैं।"

निधि ने बताया कि यह स्थिति केवल टीवी की कहानी नहीं, बल्कि वास्तविक जीवन का भी हिस्सा है। उन्होंने कहा, "आज भी कई महिलाएं ऐसे दोहरे मापदंड का सामना करती हैं। किसी महिला का सम्मान इस बात से तय नहीं होना चाहिए कि वह क्या पहनती है या परिवार में उसकी क्या भूमिका है। हर महिला को अपनी पसंद से जीवन जीने और अपने फैसले लेने का अधिकार है। सम्मान उसके कपड़ों या रिश्तों के आधार पर नहीं, बल्कि एक इंसान होने के नाते मिलना चाहिए।"

अभिनेत्री ने कहा, "यह मुद्दा मेरे निजी जीवन से भी जुड़ा रहा है। एक अभिनेत्री और कंटेंट क्रिएटर होने के कारण मुझे भी कई बार सिर्फ तस्वीरों या सोशल मीडिया पोस्ट के आधार पर जज किया गया। लोग अक्सर आपको जाने बिना ही आपके बारे में राय बना लेते हैं। कई बार मुझे भी मेरे पहनावे की वजह से आलोचना का सामना करना पड़ा, लेकिन समय के साथ मैंने समझ लिया कि हर किसी को खुश करना संभव नहीं है। सबसे जरूरी बात यह है कि इंसान खुद के साथ सहज और आत्मविश्वासी रहे।"

इन दिनों 'अनुपमा' की कहानी में प्रेरणा अपने परिवार की संपत्ति में अपना हिस्सा मांगती नजर आ रही है। इस ट्रैक को लेकर भी सोशल मीडिया पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। हालांकि निधि का कहना है, "इस कहानी को गलत तरीके से नहीं देखा जाना चाहिए। प्रेरणा अब ऐसी स्थिति में पहुंच चुकी है, जहां वह सम्मान के साथ जीना चाहती है। संपत्ति में अपना हिस्सा मांगने का उद्देश्य लालच नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और सुरक्षित भविष्य है।"



## सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि' का नया पोस्टर जारी


बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। फिल्म की रिलीज में देरी की खबरों के बीच, मेकर्स ने फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर साझा किया है। इसी के साथ निमार्ताओं ने इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है।

### कब रिलीज होगी 'मातृभूमि'

फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर सोशल मीडिया ( ) पर शेयर किया गया है। पोस्टर के साथ लिखा गया है- 'एक सैनिक का वादा। एक परिवार की ताकत। एक राष्ट्र का गौरव।' इस पोस्टर के हिसाब से 'मातृभूमि' इसी साल रिलीज होगी। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक रिलीज की पक्की तारीख नहीं बताई है, लेकिन यह तय है कि फिल्म इसी साल पर्दे पर आएगी। इस नए पोस्टर पर ध्यान देने वाली बात यह है कि इसमें निर्देशक का नाम नहीं लिखा है। इस पर सिर्फ सलमान खान फिल्म्स की एक फिल्म लिखा है। मेकर्स ने अभी तक इसकी वजह नहीं बताई है।

### सलमान की फिल्म का बदला नाम

शुरूआत में इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था। बाद में इसे बदलकर 'मातृभूमि' कर दिया गया है। यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है। यह फिल्म 15 जून, 2020 को गलवां घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई ऐतिहासिक झड़प पर बनी है। इस टकराव में भारत के 20 जवान शहीद हुए थे।




### सलमान खान का रोल

फिल्म 'मातृभूमि' में सलमान खान मुख्य भूमिका में हैं। वह 16 बिहार रेजिमेंट के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल संतोष बाबू का किरदार निभा रहे हैं, जिन्होंने इस लड़ाई में भारतीय सैनिकों का नेतृत्व किया था। इस फिल्म के निर्देशक अपूर्वा लखिया हैं। इस फिल्म में सलमान खान के अलावा चित्रांगदा सिंह अभिलाष चौधरी और अंकुर भाटिया भी नजर आएंगे।

## क्या हम अपनी समृद्ध सांस्कृतिक जड़ें खोते जा रहे हैं?

टीएनएफ टुडे, आगरा।

टीएनएफ टुडे एवं के.एम.आई. विद्यापीठ, डॉक्टर भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा की ओर से, हम आपको एक गहन वैचारिक विमर्श "कला मंथन" में आमंत्रित करते हैं। जिसका विषय "पाश्चात्य सभ्यता में उजड़ता ब्रज" रहेगा। यह एक ऐसा संवाद जो हमारी संस्कृति और हमारे संस्कारों पर आधारित है। जिसका आयोजन दिनांक 24 जुलाई 2026 शुक्रवार दोपहर 2:00 बजे सूरकक्ष, के.एम.आई. विद्यापीठ, पालीवाल पार्क परिसर, आगरा में होगा। इस अवसर पर टीएनएफ टुडे समाचार पत्र की ओर ब्रज क्षेत्र एवं देशभर के सभी साहित्य व कला-प्रेमियों का सादर स्वागत है। आइए, सत्य, संस्कृति और साहित्य की इस वैचारिक यात्रा का हिस्सा बनें। अधिक जानकारी के लिए इस 9412359817 संपर्क कर सकते हैं।

